सम-सामयिक

घटना चक्र

अतिरिक्तांक

GS

Website : http://www.ssgcp.com/
https://www.facebook.com/ssgcpl
https://www.facebook.com/ssgc.gs.qa
https://plus.google.com/+Ssgcpssgcp
https://twitter.com/SamsamyikGhatna

प्वाइंटर 2

(पूर्वावलोकन सार)

निःशुल्क
सितम्बर-अक्टूबर, 2017
अंक के साथ

आधुनिक भारत का इतिहास

शृंखला का अगला अंक - भारतीय राजव्यवस्था एवं शासन

GS प्वाइंटर 2

आधुनिक भारतीय इतिहास

2017, अगस्त माह से सम-सामयिक घटना चक्र मुख्य पत्रिका के साथ नि:शुल्क अतिरिक्तांक की शृंखला प्रारंभ की गई है। शृंखला में सामान्य अध्ययन के विभिन्न विषयों पर GS 'प्वाइंटर' क्रमश: प्रस्तुत किया जाएगा।

आधुनिक भारतीय इतिहास

यूरोपीय कंपनियों का आगमन

✸ वास्कोडिगामा, कालीकट तट पर पहुंचा — **1498 ई. में**

✸ पुर्तगाली उपनिवेश का प्रथम वायसराय भारत में था — **फ्रांसिस्को द अल्मीडा**

✸ वास्कोडिगामा का कालीकट में स्वागत किया था — **जमोरिन ने**

✸ सही सुमेलित है–

सूची–I (समुद्री यात्री)		सूची–II (देश)
वास्कोडिगामा	–	पुर्तगाल
क्रिस्टोफर कोलम्बस	–	स्पेन
कैप्टन कुक	–	ग्रेट ब्रिटेन
तस्मान	–	हॉलैंड

✸ भारत में पुर्तगाली शक्ति का वास्तविक संस्थापक था — **अल्बुकर्क**

✸ पुर्तगालियों ने भारत में प्रथम दुर्ग का निर्माण किया था — **कोचीन में**

✸ मध्यकाल में सर्वप्रथम भारत से व्यापार संबंध स्थापित करने वाले थे — **पुर्तगाली**

✸ भारत में प्रथमत: सामुद्रिक व्यापारिक केंद्र स्थापित किया — **पुर्तगालियों ने**

✸ बंगाल की बांदेल, चिनसुरा, हुगली तथा श्रीरामपुर फैक्ट्रियों में से एक जो पुर्तगालियों द्वारा स्थापित की गई थी — **हुगली**

✸ पांडिचेरी के संदर्भ में सही कथन है- — **पांडिचेरी पर कब्जा करने वाली पहली यूरोपीय शक्ति पुर्तगाली थे**

✸ हुगली को बंगाल की खाड़ी में समुद्री लूटपाट के लिए अड्डा बनाया था — **पुर्तगालियों ने**

✸ कलकत्ता का संस्थापक था — **जॉब चारनॉक**

✸ भारत में यूरोपीय शक्तियों के प्रवेश के संदर्भ में सही कथन हैं- — **अंग्रेजों ने अपना पहला कारखाना दक्षिण भारत में मछलीपट्टनम में लगाया; पूर्वी भारत में अंग्रेजी कंपनी ने 1633 ई. में उड़ीसा में पहला कारखाना लगाया; डूप्ले के नेतृत्व में फ्रांसीसियों ने 1746 ई. में मद्रास पर कब्जा किया था।**

✸ भारत के साथ व्यापार के लिए सर्वप्रथम संयुक्त पूंजी कंपनी आरंभ करने वाले लोग — **डच**

✸ सही कथन है- — **डचों ने पुर्तगालियों को पराजित किया और आधुनिक कोच्चि में उन्होंने फोर्ट विलियम्स का निर्माण किया।**

✸ भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी की सफलता का राज था — **भारत में राष्ट्रीय भावना की कमी; कंपनी की सेना को पश्चिमी प्रशिक्षण मिला था तथा उनके पास आधुनिक हथियार थे; भारतीय सैनिकों में राष्ट्रीय भावना का अभाव था जिसके फलस्वरूप कोई जो उन्हें अच्छा वेतन दे, अपनी सेवा में लगा सकता था।**

✸ ब्रिटिश कंपनियों में से भारत में व्यापार करने का पहला अधिकार-पत्र प्राप्त हुआ था — **लीवेंट कंपनी को**

ईस्ट इंडिया कंपनी और बंगाल के नवाब

✷ लंदन में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के गठन के समय भारत का बादशाह था — **अकबर**

✷ वह मुगल सम्राट जिसके शासनकाल में इंग्लिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत में सर्वप्रथम कारखाना स्थापित किया — **जहांगीर**

✷ भारत में 1613 ई. में अंग्रेजों ने अपनी पहली फैक्टरी स्थापित की थी — **सूरत में**

✷ वह अंग्रेज अधिकारी जिसने पुर्तगालियों को स्वाल्ली (Sowlley) के स्थान पर हराया था — **थॉमस बेस्ट**

✷ यूरोपीय व्यापारिक कंपनियों में से सूरत में सर्वप्रथम अपना कारखाना स्थापित किया — **अंग्रेजों ने**

✷ ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंबई लिया था — **पुर्तगालियों से**

✷ ईस्ट इंडिया कंपनी का गवर्नर जिसे औरंगजेब द्वारा भारत से निष्कासित किया गया — **सर जॉन चाइल्ड**

✷ प्रथम कर्नाटक युद्ध का तात्कालिक कारण था — **अंग्रेजों द्वारा फ्रांसीसी जहाजों का अधिग्रहण**

✷ कर्नाटक युद्ध लड़ा गया — **अंग्रेज व फ्रांसीसी के मध्य**

✷ सही सुमेलित है–

सूची-I		सूची-II
प्रथम कर्नाटक युद्ध	–	एक्स ला चैपल की संधि से अंत
द्वितीय कर्नाटक युद्ध	–	अनिर्णायक युद्ध
तृतीय कर्नाटक युद्ध	–	पेरिस की संधि से अंत
प्रथम मैसूर युद्ध	–	ब्रिटिश की हार

✷ प्रथम यूरोपियन व्यक्ति जिसने भू-क्षेत्र अर्जित करने के उद्देश्य से भारतीय राजाओं के झगड़ों में भाग लेने की नीति आरंभ की — **डूप्ले**

✷ भारत में फ्रांसीसियों ने अपना सबसे पहला कारखाना स्थापित किया — **सूरत में**

✷ फ्रांसिसी ईस्ट इंडिया कंपनी संस्थापित हुई थी — **लुई चौदहवें के शासनकाल में**

✷ भारत में फ्रांसीसी कंपनी का संस्थापक माना जाता है — **कॉल्बर्ट को**

✷ बंगाल में डचों द्वारा स्थापित कारखाना था — **चिनसुरा में**

✷ फ्रांसीसी दकन में शक्ति आंदोलन स्थापित करने में असफल रहे क्योंकि — **अंग्रेजों की फौज शक्तिशाली थी**

✷ भारत में यूरोपीय शक्तियों के आगमन का क्रम है — **पुर्तगीज-डच-अंग्रेज-फ्रांसीसी**

✷ सही सुमेलन है–

पांडिचेरी	–	फ्रेंच
गोवा	–	पुर्तगीज
ट्रानकेबार	–	डेनिश (डेन)
सद्रास	–	डच

✷ यूरोपियों में से स्वतंत्रता-पूर्व भारत में व्यापारी के रूप में सबसे अंत में आए — **फ्रांसीसी**

✷ मुगल सम्राट द्वारा नियुक्त बंगाल का अंतिम गवर्नर था — **मुर्शीद कुली खान**

✷ वह युद्ध जिसने भारत में ब्रिटिश प्रभुत्व को प्रारंभ किया — **प्लासी का युद्ध**

✷ सिराजुद्दौला लॉर्ड क्लाइव द्वारा परास्त हुआ था — **प्लासी के युद्ध में**

✷ भारतवर्ष में ब्रिटिश साम्राज्य का संस्थापक था — **लॉर्ड रॉबर्ट क्लाइव**

✷ अल्बुकर्क, रॉबर्ट क्लाइव, फ्रांसिस डूप्ले तथा लॉर्ड कार्नवालिस में से जिसे 'स्वर्ग से उत्पन्न सेनानायक' कहा गया, वह है — **रॉबर्ट क्लाइव**

✷ प्लासी का युद्ध मैदान अवस्थित है — **पश्चिम बंगाल में**

✷ प्लासी का युद्ध लड़ा गया था — **1757 ई. में**

✷ बंगाल का वह नवाब जिसने अपनी राजधानी मुर्शिदाबाद से मुंगेर स्थानांतरित की — **मीरकासिम**

✷ सबसे अधिक निर्णायक युद्ध, जिसने अंग्रेजों के भारत में प्रभुत्व को संस्थापित किया था — **बक्सर का युद्ध**

✷ बक्सर के युद्ध के समय दिल्ली का शासक था — **शाहआलम द्वितीय**

✷ बक्सर की लड़ाई के समय बंगाल का नवाब था — **मीर जाफर**

✷ इंग्लैंड की ईस्ट इंडिया कंपनी की भारत में प्रथम निर्णायक सैन्य सफलता मानी जाती है — **बक्सर का युद्ध**

✷ ईस्ट इंडिया कंपनी को दीवानी प्रदान की थी — **शाहआलम द्वितीय ने**

✷ 1765 ई. में ईस्ट इंडिया कंपनी को बंगाल की दीवानी प्रदान की — **मुगल सम्राट ने**

✷ वह गवर्नर जिसके कार्यकाल में ईस्ट इंडिया कंपनी को शहंशाह शाहआलम द्वारा बंगाल, बिहार तथा उड़ीसा में दीवानी अधिकार दिए गए — **लॉर्ड क्लाइव**

✷ सम्राट शाहआलम द्वितीय ने ईस्ट इंडिया कंपनी को बंगाल, बिहार तथा उड़ीसा की दीवानी प्रदान की — **12 अगस्त, 1765 को**

✷ इलाहाबाद की संधि के बाद रॉबर्ट क्लाइव ने मुर्शिदाबाद का उप दीवान नियुक्त किया — **मुहम्मद रजा खान को**

✷ 1765 ई. में दीवानी प्रदान किए जाने के बाद ब्रिटिश सबसे पहले जिस पर्वतीय जनजाति के संपर्क में आए, वह है — **खासी**

✷ 18वें शतक में भारत में लड़े गए युद्धों का सही कालानुक्रम है — **अम्बर युद्ध-प्लासी युद्ध-वांडीवाश युद्ध-बक्सर युद्ध**

✷ वांडीवाश के युद्ध (1760) में — **ब्रिटिश ने फ्रेंच को हराया**

✷ सही सुमेलित युग्म हैं–

बक्सर का युद्ध	–	मीरकासिम विरुद्ध ईस्ट इंडिया कंपनी
वांडीवाश का युद्ध	–	फ्रांसीसी विरुद्ध ईस्ट इंडिया कंपनी
चिलियांवाला का युद्ध	–	डलहौजी के विरुद्ध सिख
खुर्दा का युद्ध	–	निजाम विरुद्ध मराठे

✷ भारत में अंग्रेजों का सर्वाधिक विरोध किया गया **— मराठा द्वारा**

क्षेत्रीय राज्य : पंजाब एवं मैसूर

✷ रणजीत सिंह के राज्य में सम्मिलित था **— श्रीनगर**

✷ रणजीत सिंह संबंधित थे **— सुकरचकिया मिसल से**

✷ महाराजा रणजीत सिंह के राज्य की राजधानी थी **— लाहौर**

✷ रणजीत सिंह ने सुप्रसिद्ध कोहिनूर हीरा प्राप्त किया था **— शाहशुजा से**

✷ ''ईश्वर की इच्छा थी कि मैं सब धर्मों को एक निगाह से देखूं, इसीलिए उसने दूसरी आंख की रोशनी ले ली'' यह कथन कहा था **— महाराजा रणजीत सिंह ने**

✷ महाराजा रणजीत सिंह के उत्तराधिकारी थे **— खड्ग सिंह**

✷ सिख राज्य का अंतिम राजा था **— दलीप सिंह**

✷ पंजाब के पूर्व महाराजा दलीप सिंह के विषय में 23 अक्टूबर, 1893 को उनका निधन पेरिस में हुआ, नासिक में उनकी अंत्येष्टि हुई, उन्होंने कभी भी सिख धर्म नहीं छोड़ा था, वह कभी भी रूस नहीं गए थे, में से सही कथन है **— 23 अक्टूबर, 1893 को उनका निधन पेरिस में हुआ**

✷ पंजाब के विलय के पश्चात पंजाब पर शासन करने के लिए 'तीन की परिषद' के सदस्य थे **— सर हेनरी लॉरेंस (अध्यक्ष), जॉन लॉरेंस एवं चार्ल्स ग्रेविल मानसेल**

✷ प्रथम आंग्ल-मैसूर युद्ध (1766-69) में विजयी हुआ **— हैदर अली**

✷ ब्रिटिश जनरल जिसने हैदर अली को पोर्टोनोवो के युद्ध में हराया **— सर आयरकूट**

✷ टीपू सुल्तान ने अपनी राजधानी बनाई **— श्रीरंगपट्टनम में**

✷ वह भारतीय शासक जिसने विदेशों में आधुनिक पद्धति से दूतावास स्थापित किए थे **— टीपू सुल्तान**

✷ टीपू सुल्तान ने ब्रिटिश सेना को 1780 ई. में हराया था **— पोलीलुर में**

✷ अंग्रेजों ने श्रीरंगपट्टनम की संधि की थी **— टीपू सुल्तान के साथ**

✷ टीपू सुल्तान अंग्रेजों के साथ युद्ध में मारे गए **— 1799 ई. में**

✷ सही सुमेलित युग्म हैं–

प्रथम आंग्ल-मैसूर युद्ध	-	हैदर अली विजित हुआ था
द्वितीय आंग्ल-मैसूर युद्ध	-	अनिर्णायक
तृतीय आंग्ल-मैसूर युद्ध	-	टीपू सुल्तान युद्ध में पराजित हुआ और अपना भू-भाग अंग्रेजों को दिया।
चतुर्थ आंग्ल-मैसूर युद्ध	-	टीपू पराजित किया गया और युद्ध के मध्य दिवंगत हुआ

✷ बेगम समरु ने एक अति प्रसिद्ध चर्च का निर्माण करवाया **— सरधना में**

✷ सही कथन हैं-

— महाराजा रणजीत सिंह ने लाहौर में तोपों के निर्माण के लिए आधुनिक ढलाई खाने स्थापित किए; आमेर में सवाई जयसिंह ने यूक्लिड के 'रेखागणित के तत्वों' का संस्कृत में अनुवाद कराया; मैसूर में टीपू सुल्तान ने शृंगेरी मंदिर में देवी शारदा की मूर्ति के निर्माण के लिए धन दिया।

✷ सही कथन है-

— प्लासी के युद्ध में सिराजुद्दौला की पराजय के लिए मीर जाफर ने अंग्रेजों से मिलकर षड्यंत्र रचा

गवर्नर/गवर्नर जनरल/वायसराय

✷ सही कथन हैं-

— जन प्रशासन की नींव वॉरेन हेस्टिंग्स द्वारा मज़बूती से रखी गई जिस पर ऊपरी संरचना कार्नवालिस ने की; ईस्ट इंडिया कंपनी की असैनिक और सैनिक सुधार करने का श्रेय क्लाइव को था; लॉर्ड डलहौजी ने ध्युति के सिद्धांत के आधार पर ब्रिटिश साम्राज्य में समृद्ध क्षेत्र जोड़े।

✷ कलकत्ता में एशियाटिक सोसायटी की स्थापना के समय बंगाल का गवर्नर जनरल था **— लॉर्ड वॉरेन हेस्टिंग्स**

✷ 'सुरक्षा प्रकोष्ठ' की नीति संबंधित है **— वॉरेन हेस्टिंग्स से**

✷ बंगाल में द्वैध-शासन प्रणाली (Dual Government) को समाप्त किया **— वॉरेन हेस्टिंग्स ने**

✷ वह गवर्नर जनरल जिस पर ब्रिटिश संसद में महाभियोग का मुकदमा चलाया गया था **— वॉरेन हेस्टिंग्स**

✷ भारत में न्यायिक संगठन की स्थापना की **— लॉर्ड कार्नवालिस ने**

✷ वह गवर्नर जनरल जिसने भारत की प्रसंविदाबद्ध सिविल सेवा (कोवेनैन्टेड सिविल सर्विस ऑफ इंडिया) का सृजन किया जो कालांतर में भारतीय सिविल सेवा के नाम से जानी गई **— कार्नवालिस**

✷ लॉर्ड कार्नवालिस की कब्र स्थित है **— गाजीपुर में**

✷ 1802 ई. की 'बसीन की संधि' पर हस्ताक्षर हुए थे **— अंग्रेज तथा बाजीराव II के मध्य**

✷ लॉर्ड वेलेजली की सहायक संधि को स्वीकार करने वाला पहला मराठा सरदार था **— पेशवा बाजीराव II**

✷ सहायक संधि को क्रियान्वित किया गया **— लॉर्ड वेलेजली के काल में**

✷ सहायक संधि व्यवस्था को स्वीकार करने वाला प्रथम भारतीय देशी शासक था **— हैदराबाद के निजाम**

✷ हैदराबाद, मैसूर, अवध तथा सिंधिया में लॉर्ड वेलेजली के साथ सहायक संधि करने वाले राज्यों का सही कालानुक्रम है **— हैदराबाद, मैसूर, अवध तथा सिंधिया**

✷ सहायक संधि को स्वीकार करने वाला पहला शासक था
— अवध का नवाब

नोट— *यदि प्रश्न में वेलेजली की सहायक संधि को स्वीकार करने वाले प्रथम राज्य के बारे में पूछा जाए, तो उत्तर हैदराबाद होगा।*

✷ हैदराबाद के निजाम, इंदौर के होल्कर राज्य, जोधपुर के राजपूत राज्य तथा मैसूर के शासक में से 'सहायक संधि' स्वीकार नहीं की थी
— इंदौर के होल्कर राज्य ने

✷ भारतीय राज्यों पर अंग्रेजी प्रभुत्व स्थापित करने के लिए प्रशासन में सहायक संधि प्रणाली का सूत्रपात किया **— लॉर्ड वेलेजली ने**

✷ ईस्ट इंडिया कंपनी का राजपूत राज्यों में सहायक संधि करने का मुख्य उद्देश्य था **— अंग्रेजों की प्रभुसत्ता स्थापित करना**

✷ उस समय जब नेपोलियन की शक्ति के सामने यूरोप में साम्राज्य धराशायी हो रहे थे, तत्कालीन समय में वह ब्रिटिश गवर्नर जनरल जिसने भारत में ब्रिटिश पताका फहराए रखी **— लॉर्ड वेलेजली**

✷ आंग्ल-नेपाल युद्ध जिसके शासनकाल में हुआ था, वह है
— लॉर्ड हेस्टिंग्स

✷ सही सुमेलित है–

हेक्टर मुनरो	-	बक्सर का युद्ध
लॉर्ड हेस्टिंग्स	-	आंग्ल-नेपाल युद्ध
लॉर्ड वेलेजली	-	चतुर्थ आंग्ल-मैसूर युद्ध
लॉर्ड कॉर्नवालिस	-	तृतीय आंग्ल-मैसूर युद्ध

✷ तृतीय आंग्ल-मराठा युद्ध संबंधित है **— लॉर्ड हेस्टिंग्स से**

✷ सर टॉमस मुनरो मद्रास के गवर्नर रहे **— 1820-1827 ई. तक**

✷ तथाकथित कुशासन के आधार पर जिस गवर्नर जनरल ने मैसूर राज्य के प्रशासन को ले लिया था, वह था **— लॉर्ड विलियम बेंटिक**

✷ गवर्नर जनरल जो तृतीय आंग्ल-मैसूर युद्ध से संबद्ध है
— लॉर्ड कार्नवालिस

✷ ठगों के दमन से संबद्ध था **— कैप्टन स्लीमैन**

✷ सती प्रथा पर पाबंदी लगाई **— विलियम बेंटिक ने**

✷ विलियम बेंटिक के द्वारा सती प्रथा समाप्त की गई **— 1829 ई. में**

✷ बंगाल से दासों के निर्यात को रोक दिया गया **— 1789 ई. में**

✷ लॉर्ड डलहौजी द्वारा अवध का अंग्रेजी राज्य में विलय हुआ था
— कुप्रशासन के कारण

✷ ब्रिटिश साम्राज्य में अवध का विलय हुआ था **— 1856 ई. में**

✷ सही सुमेलित युग्म है–

1849 ई.	–	पंजाब का विलय
1848 ई.	–	सतारा का विलय
1856 ई.	–	अवध का विलय
1855 ई.	–	करौली का विलय

✷ वह गवर्नर जनरल जिसने विलय की नीति नियोजित एवं क्रियान्वित की
— डलहौजी

✷ भारत में ब्रिटिश शासन के दौरान झांसी, संभलपुर तथा सतारा राज्यों के विलय का सही क्रम है- **— सतारा, संभलपुर, झांसी**

✷ अंग्रेजों द्वारा सिंध विजय संपन्न हुई **— लॉर्ड एलेनबरो के समय**

✷ सिंध पर ब्रिटिश ने कब्जा किया **— 1843 ई. में**

✷ जब अवध का ब्रिटिश साम्राज्य में विलय हुआ उस समय अवध का ब्रिटिश रेजीडेंट था **— जेम्स आउट्रम**

✷ भारत में प्रथम रेलवे लाइन जिस ब्रिटिश गवर्नर के समय बिछाई गई थी, वह था **— लॉर्ड डलहौजी**

✷ भारत में प्रथम रेल लाइन का निर्माण हुआ था
— बंबई और थाणे के मध्य

✷ भारत में पहली रेलवे लाइन शुरू हुई **— 1853 ई. में**

✷ वह कंपनी जिसने सर्वप्रथम भारत में रेल यात्रा प्रारंभ की
— ग्रेट इंडियन पेनिनसुला रेलवे

✷ ब्रिटिश भारतीय राज्य क्षेत्र का अंतिम प्रमुख विस्तार हुआ
— डलहौजी के समय में

✷ पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट को 1845-1855 ई. के दौरान स्वरूप देने वाले थे **— लॉर्ड डलहौजी**

✷ विधवा पुनर्विवाह अधिनियम क्रियान्वित किया गया
— लॉर्ड कैनिंग के शासनकाल में

✷ 1 नवंबर, 1858 को महारानी विक्टोरिया का घोषणा-पत्र इलाहाबाद में पढ़कर सुनाया था **— लॉर्ड कैनिंग ने**

✷ भारत का प्रथम वायसराय था **— लॉर्ड कैनिंग**

✷ अपने पुत्र के स्थान पर दूसरे उत्तराधिकारी को गोद लेने के अधिकार को पुनः स्थापित किया था
— 1858 ई. की साम्राज्ञी की घोषणा ने

✷ महारानी विक्टोरिया को भारत की साम्राज्ञी नियुक्त किया गया
— 1858 ई. में

✷ वह गवर्नर जनरल जिसने भारत में दास प्रथा को समाप्त किया था
— लॉर्ड एलेनबरो ने

✷ सही सुमेलित युग्म है–

लॉर्ड कार्नवालिस	-	स्थायी बंदोबस्त
लॉर्ड वेलेजली	-	सहायक संधि
लॉर्ड डलहौजी	-	व्यपगत का सिद्धांत
लॉर्ड कैनिंग	-	1857 का विद्रोह
लॉर्ड हेस्टिंग्स	-	तृतीय आंग्ल-मराठा युद्ध
लॉर्ड विलियम बेंटिक	-	1829 ई. का सत्रहवां रेगुलेशन

✷ 'स्थायी बंदोबस्त' प्रारंभ किया गया था
— लॉर्ड कार्नवालिस के शासनकाल में

✷ पेशवाई (Peshwaship) को समाप्त किया गया था
— 1818 ई. में

✷ सही सुमेलित है–

सर जॉन शोर	–	निष्क्रियता
लॉर्ड एलेनबरो	–	सिंध का विलय
लॉर्ड डलहौजी	–	अवध का विलय
लॉर्ड वेलेजली	–	चतुर्थ आंग्ल-मैसूर युद्ध

✷ सही सुमेलित है

लॉर्ड डलहौजी	-	अवध का विलीनीकरण
लॉर्ड डफरिन	-	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना
लॉर्ड विलियम बेंटिक	-	चार्टर एक्ट,1833 का पारित होना
लॉर्ड लिटन	-	द्वितीय आंग्ल-अफगान युद्ध का प्रारंभ होना

✷ वह गवर्नर जनरल जो 'चतुराईपूर्ण निष्क्रियता' की नीति के साथ जुड़ा है **– जॉन लॉरेंस**

✷ भारत में अंग्रेजों के समय में प्रथम जनगणना हुई **– लॉर्ड मेयो के कार्यकाल में**

✷ वह वायसराय जिसकी हत्या अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में (जब वे भ्रमण पर थे) एक दंडित अपराधी द्वारा की गई थी **– लॉर्ड मेयो**

✷ अफगानिस्तान के प्रति एक जोशभरी 'अग्र' (फॉरवर्ड) नीति का अनुसरण करने वाला गवर्नर जनरल था **– लिटन**

✷ भारत का वायसराय सबसे दीर्घकाल तक रहा **– लॉर्ड लिनलिथगो, लॉर्ड कर्जन (द्वितीय सर्वाधिक कार्यकाल)**

✷ भारत में स्थानीय स्वायत्तशासी संस्थाएं 1882 ई. में सशक्त की गई थीं **– लॉर्ड रिपन द्वारा**

✷ इलबर्ट बिल विवाद का संबंध था **– यूरोप के लोगों के मामलों की सुनवाई करने के लिए भारतीय न्यायाधीशों पर लगाई गई अयोग्यताओं को हटाए जाने से**

✷ महिलाओं तथा बच्चों की कार्यावधि के घंटों को सीमित करने तथा स्थानीय शासन को आवश्यक नियम बनाने के लिए प्राधिकृत करने के लिए प्रथम फैक्टरी अधिनियम का अभिग्रहण किया गया **– लॉर्ड रिपन के कार्यकाल में**

✷ भारत में 'स्थानीय स्वायत्त शासन' का जनक माना जाता है **– लॉर्ड रिपन को**

✷ सही सुमेलित है–

सूची I		सूची II
क्लाइव	-	बंगाल में दोहरा शासन
बेंटिक	-	अंग्रेजी शिक्षा
चार्ल्स मेटकॉफ	-	प्रेस पर से प्रतिबंध हटाना
लॉर्ड विलियम बेंटिक	-	सती प्रथा का निषेध
लॉर्ड रिपन	-	स्वायत्त शासन
लॉर्ड कर्जन	-	बंगाल का विभाजन

✷ भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की स्थापना हुई थी– **लॉर्ड कर्जन के काल में**

✷ प्राचीन स्मारक संरक्षण एक्ट पारित हुआ था **– लॉर्ड कर्जन के कार्यकाल में**

✷ भारत में कर्जन के प्रशासन की तुलना औरंगजेब से की थी **– जी.के. गोखले ने**

✷ भारत में ब्रिटिश साम्राज्य के दौरान लॉर्ड कर्जन, लॉर्ड चेम्सफोर्ड, लॉर्ड हार्डिंग तथा लॉर्ड इरविन वायसरायों का सही कालानुक्रम है– **– लॉर्ड कर्जन-लॉर्ड हार्डिंग-लॉर्ड चेम्सफोर्ड-लॉर्ड इरविन**

✷ 'फूट डालो और राज करो' की रणनीति अपनाई गई थी **– लॉर्ड कर्जन द्वारा**

✷ वह गवर्नर जनरल जिसने सबसे पहले 'पृथक निर्वाचन मंडल' की व्यवस्था, मुसलमानों को जीतने व उन्हें कांग्रेस के विरुद्ध करने के लिए, इस्तेमाल की **– लॉर्ड मिंटो**

✷ भारत का एकमात्र यहूदी वायसराय था **– लॉर्ड रीडिंग**

✷ सही सुमेलित है–

पिट्स इंडिया एक्ट	-	वॉरेन हेस्टिंग्स
डॉक्ट्रिन ऑफ लैप्स	-	डलहौजी
वर्नाकुलर प्रेस एक्ट	-	लिटन
इल्बर्ट बिल	-	रिपन
ठगी का दमन	-	विलियम बेंटिक
रिंग फेंस की नीति	-	वॉरेन हेस्टिंग्स

✷ ब्रिटिश भारत की राजधानी का कलकत्ता से दिल्ली स्थानांतरण क्रियान्वित हुआ **– लॉर्ड हार्डिंग के काल में**

✷ सही सुमेलित है–

चूक का सिद्धांत/हड़प नीति	-	डलहौजी
बंगाल का विभाजन	-	लॉर्ड कर्जन
बंगाल में दोहरा शासन	-	क्लाइव
सामाजिक सुधार	-	बेंटिक

✷ सही सुमेलित है–

सूची-I		सूची-II
बंगाल में फोर्ट विलियम प्रेसीडेंसी का गवर्नर जनरल (रेग्युलेटिंग एक्ट, 1773 के अधीन)	–	चार्ल्स कार्नवालिस, कार्नवालिस का दूसरा अर्ल और पहला मार्क्विस
भारत का गवर्नर जनरल (चार्टर एक्ट, 1833 के अधीन)	–	जेम्स एंड्रयू ब्राउन-रैम्जे, डलहौजी का अर्ल और मार्क्विस
भारत का गवर्नर जनरल और वायसराय (इंडियन काउंसिल एक्ट, 1858 के अधीन)	–	गिलबर्ट जॉन इलियट-मरे-कीनिन्मांड, मिंटो का अर्ल
गवर्नर जनरल और सम्राट का प्रतिनिधि (गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट, 1935 के अधीन)	–	आर्किबाल्ड पर्सिवल वेवेल, बाइकाउंट और अर्ल वेवेल

ब्रिटिश शासन का भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव

✷ भारत में उपनिवेशी शासनकाल में ''होम चार्जेज'' भारत से संपत्ति दोहन का महत्वपूर्ण अंग थे। वह निधियां जो होम चार्जेज की संघटक थीं

— लंदन में इंडिया ऑफिस के भरण-पोषण के लिए प्रयोग में लाई जाने वाली निधि; भारत में कार्यरत अंग्रेज कर्मचारियों के वेतन तथा पेंशन देने हेतु प्रयोग में लाई जाने वाली निधि।

✷ शब्द 'इंपीरियल प्रेफरेंस' का प्रयोग किया जाता था

— भारत में ब्रिटिश आयातों पर दी गई विशेष रियायतों के लिए

✷ ब्रिटिश शासन के दौरान भारत में उद्योगों का कोई स्वतंत्र विकास नहीं हुआ। इसका कारण था **— भारी उद्योगों का अभाव**

✷ इस्तमरारी बंदोबस्त लागू किया **— लॉर्ड कार्नवालिस ने**

✷ 'स्थायी बंदोबस्त' प्रारंभ किया गया था

— लॉर्ड कार्नवालिस के प्रशासन काल में

✷ स्थायी बंदोबस्त किया गया **— जमींदारों से**

✷ लॉर्ड कार्नवालिस द्वारा स्थायी बंदोबस्त लागू किया गया

— 1793 ई. में

✷ चिरस्थायी बंदोबस्त, 1793 के अंतर्गत जमींदारों से अपेक्षा की गई थी कि वे खेतिहरों को पट्टा जारी करेंगे। अनेक जमींदारों ने पट्टा जारी नहीं किए। इसका कारण था

— जमींदारों के ऊपर कोई सरकारी नियंत्रण नहीं था

✷ बिहार में 'परमानेंट सेटिलमेंट' लागू करने का कारण था

— जमींदारों के लिए जमीन पर वंश परंपरागत अधिकार को स्वेच्छा से हस्तांतरित करने का अधिकार

✷ ..... में बंगाल और बिहार में भूमि पर किराएदारों के अधिकारों को बंगाल किराएदारी अधिनियम द्वारा दिया गया था। **— 1885 ई.**

✷ सर टॉमस मुनरो जिस भू-राजस्व बंदोबस्त से संबद्ध हैं, वह है

— रैयतवाड़ी बंदोबस्त

✷ अंग्रेजों ने रैयतवाड़ी बंदोबस्त लागू किया था

— मद्रास और बंबई प्रेसीडेंसी में

✷ अंग्रेजों ने रैयतवाड़ी व्यवस्था सर्वप्रथम आरंभ की थी

— मद्रास प्रेसीडेंसी में

✷ ब्रिटिश व्यवस्था में रैयतवाड़ी भू-राजस्व संग्रह प्रचलित था

— दक्षिणी भारत में

✷ रैयतवाड़ी बंदोबस्त के संदर्भ में, सही कथन हैं-

— किसानों द्वारा लगान सीधे सरकार को दिया जाता था; सरकार रैयत को पट्टे देती थी; कर लगाने के पूर्व भूमि का सर्वेक्षण और मूल्य-निर्धारण किया जाता था।

✷ असम में सर्वप्रथम चाय कंपनी की स्थापना हुई थी **— 1839 ई. में**

✷ दादाभाई नौरोजी द्वारा प्रतिपादित 'अपवाह सिद्धांत' (Drain Theory) की सही परिभाषा है

— भारत की राष्ट्रीय संपदा का एक भाग अथवा कुल वार्षिक उत्पाद ब्रिटेन को निर्यात कर दिया जाता था जिसके लिए भारत को कोई वास्तविक प्रतिफल नहीं मिलता था।

✷ अंग्रेजों के शासनकाल में भारत के ''आर्थिक दोहन'' के सिद्धांत को प्रतिपादित किया **— दादाभाई नौरोजी ने**

✷ 'निकास के सिद्धांत' का प्रतिपादन किया था **— दादाभाई नौरोजी ने**

✷ भारत में उपनिवेशवाद का/के आर्थिक आलोचक था/थे

— दादाभाई नौरोजी, जी. सुब्रमण्य अय्यर तथा आर.सी. दत्त

✷ बाल गंगाधर तिलक, आर.सी. दत्त, एम.जी. रानाडे तथा सर सैयद अहमद खां में से दादाभाई नौरोजी के उत्सारण सिद्धांत (Drain Theory) में विश्वास नहीं करता था

— सर सैयद अहमद खां

✷ 'पावर्टी एंड द अनब्रिटिश रूल इन इंडिया' नामक पुस्तक लिखी

— दादाभाई नौरोजी ने

✷ दादाभाई नौरोजी की भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन को सर्वाधिक प्रभावी देन थी कि

— उन्होंने इस बात को अभिव्यक्त किया कि ब्रिटेन, भारत का आर्थिक शोषण कर रहा है

✷ भारत में 'ब्रिटिश आर्थिक नीति' घिनौनी है, यह विचार व्यक्त किया था

— कार्ल मार्क्स ने

1857 की क्रांति

✷ अंग्रेजी भारतीय सेना में चर्बी वाले कारतूसों से चलने वाली एनफील्ड राइफल को शामिल किया गया **— दिसंबर, 1856 में**

✷ भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का मुख्य तात्कालिक कारण था

— अंग्रेजों का धर्म में हस्तक्षेप का संदेह

✷ मंगल पांडे की घटना हुई थी **— बैरकपुर में**

✷ मंगल पांडे सिपाही थे **— 34वीं बंगाल नेटिव इन्फैंट्री के**

✷ 1857 के विद्रोह के दौरान बहादुर शाह ने 'साहब-ए-आलम बहादुर' का खिताब दिया था **— बख्त खान को**

✷ 1857 की क्रांति का प्रमुख कारण था **— ब्रिटिश साम्राज्य की नीति**

✷ 1857 की क्रांति सर्वप्रथम प्रारंभ हुई **— मेरठ से**

✷ 1857 के स्वतंत्रता संग्राम से संबंधित पहली घटना थी

— सैनिकों का दिल्ली के लाल किले पर पहुंचना

✷ 1857 के स्वाधीनता संग्राम का प्रतीक था **—कमल और रोटी**

✷ 1857 के संग्राम के झांसी, मेरठ, दिल्ली तथा कानपुर केंद्रों में से सबसे पहले अंग्रेजों ने पुनः अधिकृत किया **— दिल्ली को**

✷ 1857 के स्वाधीनता संघर्ष की वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की जन्मस्थली है **— वाराणसी**

✷ 1857 के बरेली विद्रोह का नेता था **— खान बहादुर**

✷ महारानी लक्ष्मीबाई की समाधि स्थित है **— ग्वालियर में**

✷ रानी लक्ष्मीबाई को अंतिम युद्ध में सामना करना पड़ा **— ह्यूरोज का**

✷ 1857 का विद्रोह लखनऊ में जिसके नेतृत्व में आगे बढ़ा, वह थीं **— बेगम ऑफ अवध**

✷ वह महिला जिन्होंने अवध में 1857 की क्रांति का नेतृत्व किया था **— बेगम हजरत महल**

✷ इलाहाबाद में 1857 के संग्राम का नेता था **— मौलवी लियाकत अली**

✷ 1857 के संघर्ष में भाग लेने वाले सिपाहियों की सर्वाधिक संख्या थी **— अवध से**

✷ नाना साहब का ''कमांडर-इन-चीफ'' था **— तात्या टोपे**

✷ अजीमुल्ला खां सलाहकार थे **— नाना साहब के**

✷ वर्ष 1857 के विद्रोह के संदर्भ में नाना साहब, कुंवर सिंह, खान बहादुर खान तथा तात्या टोपे में से वह जिसे, उसके मित्र ने धोखा दिया, तथा जिसे अंग्रेजों द्वारा बंदी बनाकर मार दिया गया **— तात्या टोपे को**

✷ 1857 के क्रांतिकारियों में वह जिसका वास्तविक नाम 'रामचंद्र पांडुरंग' था **— तात्या टोपे**

✷ कुंवर सिंह, 1857 के विद्रोह के एक प्रमुख नायक थे। वह संबद्ध थे **— बिहार से**

✷ पटना के 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के नेता थे **— राजपूत कुंवर सिंह**

✷ असम में 1857 की क्रांति का नेता था **— दीवान मनिराम दत्त**

✷ 1857 के विद्रोह का बिहार में 15 जुलाई, 1857 से 20 जनवरी, 1858 तक केंद्र था **— जगदीशपुर**

✷ जगदीशपुर का वह व्यक्ति जिसने 1857 ई. के विप्लव में क्रांतिकारियों का नेतृत्व किया **— कुंवर सिंह**

✷ जगदीशपुर के राजा थे **— कुंवर सिंह**

✷ 1857 ई. की क्रांति में अंग्रेजों व जोधपुर की संयुक्त सेना को पराजित करने वाला था **— आऊवा के ठाकुर कुशल सिंह**

✷ अजमेर, जयपुर, नीमच तथा आऊवा में से राजस्थान में 1857 की क्रांति का केंद्र नहीं था **— जयपुर**

✷ चंद्रशेखर आजाद, रामप्रसाद बिस्मिल, शहादत खान तथा माखनलाल चतुर्वेदी में से 1857 में अंग्रेजों से संघर्ष किया **— शहादत खान ने**

✷ मौलवी अहमदुल्लाह शाह, मौलवी इंदादुल्लाह, मौलाना फज्लेहक खैराबादी तथा नवाब लियाकत अली में से 1857 के विद्रोह में अंग्रेजों का सबसे कट्टर दुश्मन था **— मौलवी अहमदुल्लाह शाह**

✷ 1857 के विद्रोह को देखने वाले उर्दू कवि थे **— मिर्जा गालिब**

✷ सुप्रसिद्ध उर्दू शायर मिर्जा गालिब का मूल निवास था **— आगरा**

✷ आजादी की पहली लड़ाई 1857 में भाग नहीं लिया **— भगत सिंह ने**

✷ 1857 के विद्रोह में बेगम हजरत महल, कुंवर सिंह, ऊधम सिंह तथा मौलवी अहमदुल्लाह में से संबद्ध नहीं था **— ऊधम सिंह**

✷ 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों की सर्वाधिक सहायता करने वाला राजवंश था **— ग्वालियर के सिंधिया**

✷ भारत में शिक्षित मध्यवर्ग ने **— 1857 के विद्रोह से तटस्थता बनाए रखी थी**

✷ खेतिहर मजदूर, साहूकार, कृषक तथा जमींदार वर्गों में 1857 के विद्रोह में भाग नहीं लिया **— साहूकार तथा जमींदार ने**

✷ झांसी, चित्तौड़, जगदीशपुर तथा लखनऊ में से वह क्षेत्र जो 1857 के विद्रोह से प्रभावित नहीं था **— चित्तौड़**

✷ बिहार के दानापुर, पटना, आरा, मुजफ्फरपुर, मुंगेर में से 1857 के विद्रोह से अप्रभावित भाग था **— मुंगेर**

✷ सही सुमेलित है–

सूची-1		**सूची-2**
बख्त खां	–	दिल्ली
मौलवी अहमदुल्ला	–	अवध
कुंवर सिंह	–	आरा
नाना साहब	–	कानुपर

✷ सही सुमेलित है–

सूची-I		**सूची-II**
झांसी	–	रानी लक्ष्मीबाई
लखनऊ	–	बेगम हजरत महल
कानपुर	–	अज़ीमुल्लाह खां
फैजाबाद	–	मौलवी अहमद शाह

✷ सही सुमेलित है–

सूची-I (क्रांतिकारियों के नाम)		**सूची-II (स्थान)**
नाना साहेब	-	कानपुर
नवाब हामिद अली खान	-	दिल्ली
मौलवी अहमदुल्ला	-	लखनऊ
मनी राम दीवान	-	असम

✷ 1857 के विद्रोह के समय भारत का गवर्नर जनरल था **— लॉर्ड कैनिंग**

✷ 1857 विद्रोह के समय बैरकपुर में ब्रिटिश कमांडिंग ऑफिसर था **— जॉन बेनेट हैरसे**

✷ 1857 में इलाहाबाद को आपातकालीन मुख्यालय बनाया था **— लॉर्ड कैनिंग ने**

✷ 1857 के विद्रोह के समय ब्रिटिश प्रधानमंत्री थे **— विस्कॉन्ट पामर्स्टन**

✷ 1857 का विद्रोह मुख्यतः असफल रहा **— किसी सामान्य योजना और केंद्रीय संगठन की कमी के कारण**

✷ 1857 का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम असफल हुआ क्योंकि
— भारतीय सिपाहियों में उद्देश्य की एकता की कमी थी, प्रायः भारतीय राजाओं ने ब्रिटिश सरकार का साथ दिया, ब्रिटिश सिपाही कहीं अच्छे सज्जित तथा संगठित थे।

✷ अंग्रेज राजपूत राज्यों में 1857 के विद्रोह को दबाने में सफल रहे क्योंकि
— स्थानीय शासकों ने क्रांतिकारियों का साथ नहीं दिया

✷ जनरल जॉन निकलसन, जनरल नील, मेजर जनरल हैवलॉक तथा सर हेनरी लॉरेंस में से वह ब्रिटिश अधिकारी जिन्होंने लखनऊ में अपना जीवन खोया था
— जनरल नील, मेजर जनरल हैवलॉक तथा सर हेनरी लॉरेंस

✷ **कथन :** 1857 में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम ब्रिटिश सरकार से स्वतंत्रता प्राप्त करने में असफल रहा।
कारण : बहादुरशाह जफर के नेतृत्व को जनसहयोग नहीं मिला था और अधिकांश महत्वपूर्ण रियासतों के शासक उनका साथ देने में कतरा गए।
— कथन और कारण दोनों सत्य हैं और कारण, कथन का सही स्पष्टीकरण है।

✷ 1857 के विद्रोह को एक 'षड्यंत्र' की संज्ञा दी
— सर जेम्स आउट्रम एवं डब्ल्यू. टेलर ने

✷ वह आधुनिक इतिहासकार जिसने 1857 के विद्रोह को स्वतंत्रता की पहली लड़ाई कहा था **— वी. डी. सावरकर**

✷ भारतीय स्वाधीनता आंदोलन का सरकारी इतिहासकार था
— एस.एन. सेन

✷ भारतीय भाषा में 1857 के विप्लव के कारणों पर लिखने वाला प्रथम भारतीय था **— सैयद अहमद खां**

✷ ''तथाकथित प्रथम राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम न प्रथम, न राष्ट्रीय और न ही स्वतंत्रता संग्राम था।'' यह कथन संबद्ध है
— आर.सी. मजूमदार से

✷ 1857 की क्रांति के बारे में सही अवधारणा है
— इसने भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी की शासन प्रणाली को मृतप्राय बना दिया।

✷ महारानी विक्टोरिया ने भारतीय प्रशासन को ब्रिटिश ताज के नियंत्रण में लेने की घोषणा की थी **— 1 नवंबर, 1858 को**

✷ साम्राज्ञी विक्टोरिया ने 1858 की घोषणा में भारतीयों को बहुत-सी चीजें दिए जाने का आश्वासन दिया था। वह आश्वासन जिसे ब्रिटिश शासन ने पूरा किया था
— रियासतों को हड़पने की नीति समाप्त कर दी जाएगी

✷ महारानी विक्टोरिया की उद्घोषणा (1858) का उद्देश्य था
— भारतीय राज्यों को ब्रिटिश साम्राज्य में मिलाने के किसी भी विचार का परित्याग करना तथा भारतीय प्रशासन को ब्रिटिश क्रॉउन के अंतर्गत रखना

✷ पब्लिक सर्विस आयोग, पील आयोग, हंटर आयोग तथा साइमन कमीशन में 1857 के विद्रोह के दमन के बाद भारतीय फौज के नव संगठन से संबंधित है **— पील आयोग**

✷ 1857 के विद्रोह के बाद ब्रिटिश सरकार ने सिपाहियों का इन प्रांतों से चयन किया **— गोरखा, सिख एवं पंजाबी उत्तर प्रांत से**

अन्य जन आंदोलन

✷ 1857 के विद्रोह के ठीक बाद बंगाल में संन्यासी विद्रोह, संथाल विद्रोह, नील उपद्रव तथा पावना उपद्रव में से विप्लव हुआ **— नील उपद्रव का**

✷ नील कृषकों की दुर्दशा पर लिखी गई पुस्तक ''नील दर्पण'' के लेखक थे **— दीनबंधु मित्र**

✷ 'वन्दे मातरम्' गीत लिखा है **— बंकिमचंद्र चटर्जी ने**

✷ आनंद मठ उपन्यास की कथावस्तु आधारित है **— संन्यासी विद्रोह पर**

✷ वह विद्रोह जिसका उल्लेख बंकिमचंद्र चटर्जी ने अपने उपन्यास आनंद मठ में करके प्रसिद्ध किया **— संन्यासी विद्रोह**

✷ मुंगेर के बरहियाताल विरोध का उद्देश्य था
— बाकाश्त भूमि की वापसी की मांग

✷ उन्नीसवीं शताब्दी के दौरान होने वाले ''वहाबी आंदोलन'' का मुख्य केंद्र था **— पटना**

✷ कूका आंदोलन को संगठित किया **— गुरु राम सिंह ने**

✷ पागलपंथी विद्रोह वस्तुतः एक विद्रोह था **— गारों का**

✷ 'पागल पंथ' की स्थापना की थी **— करमशाह ने**

✷ फराजी विद्रोह का नेता था **— दादू मियां**

✷ फराजी थे **— हाजी शरिअतुल्लाह के अनुयायी**

✷ वेलु थम्पी ने अंग्रेजों के विरुद्ध आंदोलन का नेतृत्व किया था
— केरल में

✷ महाराष्ट्र में रामोसी कृषक जत्था स्थापित किया था
— वासुदेव बलवंत फड़के ने

✷ रामोसी विद्रोह सही रूप में जिस भौगोलिक इलाके में हुआ था, वह था
— पश्चिमी घाट

✷ गढ़करी विद्रोह का केंद्र था **— कोल्हापुर**

✷ मानव बलि प्रथा का निषेध करने के कारण अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह करने वाली जनजाति का नाम **— खोंद**

✷ कोल विद्रोह (1831-32) का नेतृत्व किया **— बुद्धू भगत ने**

✷ वघेरा विद्रोह हुआ **— बड़ौदा में**

✷ छोटा नागपुर जनजाति विद्रोह हुआ था **— 1820 ई. में**

✷ संथाल विद्रोह का नेतृत्व किया **— सिद्धू-कान्हू एवं भैरव-चांद**

✷ 1855 ई. में संथालों ने जिस अंग्रेज कमांडर को हराया **— मेजर बारो**

✷ भील विद्रोह, कोल विद्रोह, रम्पा विद्रोह तथा संथाल विद्रोह में से वह घटना जो महाराष्ट्र में घटित हुई **— भील विद्रोह**

✷ मेवाड़, बांगड़ और पास के क्षेत्रों के भीलों में सामाजिक सुधार के लिए 'लसोड़िया आंदोलन' का सूत्रपात किया **— गोविंद गिरि ने**

✷ उलगुलन विद्रोह जुड़ा था **— बिरसा मुंडा से**

✷ मुंडा विद्रोह का नेता था **— बिरसा मुंडा**

✷ जिस आदिवासी नेता को जगत पिता (धरती आबा) कहा जाता था, वह था **— बिरसा मुंडा**

✷ बिरसा मुंडा का कार्य क्षेत्र था **— रांची**

✷ जनजातीय लोगों के संबंध में 'आदिवासी' शब्द का प्रयोग किया था **— ठक्कर बापा ने**

✷ भारत में 19 वीं शताब्दी के जनजातीय विद्रोह के लिए जिसने साझा कारण मुहैया किया **— जनजातीय समुदायों की प्राचीन भूमि संबंधी व्यवस्था का संपूर्ण विदारण**

✷ हौज विद्रोह हुआ **— 1820-21 ई. के दौरान**

✷ खैरवार आदिवासी आंदोलन हुआ **— 1874 ई. में**

✷ संभलपुर के अनेक ब्रिटिश-विरोधी विद्रोहों का नेता था **— सुरेंद्र साई**

✷ नील विद्रोह, संथाल विद्रोह, दक्कन के दंगे तथा सिपाही विद्रोह का सही कालानुक्रम है **— संथाल विद्रोह, सिपाही विद्रोह, नील विद्रोह, दक्कन के दंगे**

✷ सही सुमेलित है–

सूची-I		सूची-II
मोपला विद्रोह	-	केरल
पाबना विद्रोह	-	बंगाल
एका आंदोलन	-	अवध
बिरसा मुंडा विद्रोह	-	बिहार

✷ 1921 का मोपला विद्रोह हुआ था **— केरल में**

✷ सही सुमेलित है–

सूची-I (घटनाएं)		सूची-III (तिथियां)
बैरकपुर विद्रोह	-	नवंबर, 1824
बरहामपुर विद्रोह	-	फरवरी, 1857
संथाल विद्रोह	-	1855-56
बेल्लोर विद्रोह	-	जुलाई, 1806

✷ सही सुमेलित है–

कूका विद्रोह	-	पंजाब
कोली विद्रोह	-	महाराष्ट्र
चुआर विद्रोह	-	प. बंगाल
कूकी विद्रोह	-	त्रिपुरा
अहोम	-	गोमधर कुंवर
ताना भगत	-	जतरा भगत

✷ अंग्रेजों के विरुद्ध भीलों द्वारा क्रांति प्रारंभ की गई थी **— मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र में**

✷ ताना भगत आंदोलन जतराउरांव ने प्रारंभ किया था **— 1914 में**

✷ महात्मा गांधी एवं उनके विचारों से प्रभावित होने वाले प्रथम आदिवासी नेता थे **— जोड़ानांग**

आधुनिक भारत में शिक्षा का विकास

✷ भारत में अंग्रेजों ने प्रथम मदरसा स्थापित किया था **— कलकत्ता में**

✷ 'एशियाटिक सोसायटी ऑफ बंगाल' के संस्थापक थे **— सर विलियम जोंस**

✷ वाराणसी में प्रथम संस्कृत महाविद्यालय की स्थापना की थी **— जोनाथन डंकन ने**

✷ दादाभाई नौरोजी, माइकल मधुसूदन दत्त, राजा राममोहन राय तथा विवेकानंद में से वह जिन्हें पेरिस की रॉयल एशियाटिक सोसायटी की सदस्यता प्रदान की गई थी **— माइकल मधुसूदन दत्त**

✷ सर्वप्रथम 'भगवद्गीता' का अंग्रेजी में अनुवाद किया था **— चार्ल्स विल्किंस ने**

✷ कालिदास की प्रसिद्ध रचना 'शकुंतला' का पहली बार अंग्रेजी में अनुवाद किया था **— सर विलियम जोंस ने**

✷ स्वतंत्रता पूर्व अवधि में ब्रिटिश सरकार द्वारा भारत में आधुनिक शिक्षा के प्रसार का मुख्य उद्देश्य था **— छोटे प्रशासनिक पदों पर नियुक्ति हेतु शिक्षित भारतीयों की आवश्यकता**

✷ ब्रिटिश सरकार के जिस अधिनियम ने सबसे पहली बार भारत में शिक्षा के लिए एक लाख रुपये दिए थे **— चार्टर अधिनियम, 1813**

✷ चार्ल्स वुड का आदेश-पत्र संबंधित था **— शिक्षा से**

✷ हिंदी का पहला समाचार-पत्र 'उदत्त मार्तंड' (30 मई, 1826) प्रकाशित हुआ था **— कलकत्ता से**

✷ हंटर कमीशन की रिपोर्ट में विशेष जोर दिया गया **— प्राथमिक शिक्षा के सुधार एवं विकास पर**

✷ नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशन की स्थापना हुई **— 15 अगस्त, 1906 को**

✷ सैडलर आयोग संबंधित था **— शिक्षा से**

✷ शिक्षा में सुधार हेतु ब्रिटिश सरकार ने सैडलर विश्वविद्यालय आयोग नियुक्त किया **— 1917 में**

✷ लॉर्ड मैकाले संबंधित हैं **— अंग्रेजी शिक्षा से**

✷ भारत के औपनिवेशिक काम में अधोमुखी निस्यंदन सिद्धांत संबंधित था **— शिक्षा क्षेत्र से**

✷ भारत की शैक्षणिक नीति में 'फिल्टरेशन थ्योरी' के प्रतिपादक थे **— लॉर्ड मैकाले**

✷ भारत में आधुनिक शिक्षा प्रणाली की नींव पड़ी **— 1835 के मैकाले के स्मरण-पत्र से**

✷ भारत में अंग्रेजी शिक्षा आरंभ की गई
— लॉर्ड विलियम केवेंडिश बेंटिक के शासनकाल में

✷ भारत में प्रथम तीन विश्वविद्यालय (कलकत्ता, मद्रास, बंबई) की स्थापना हुई **— 1857 ई. में**

✷ जिसके सतत प्रयत्नों से बंबई में प्रथम महिला विश्वविद्यालय की स्थापना हुई, वह है **— डी.के. कर्वे**

✷ डेक्कन एजुकेशनल सोसायटी की स्थापना से संबंधित थे
— बी.जी. तिलक

✷ हिंदू कॉलेज, कलकत्ता, दिल्ली कॉलेज, मेयो कॉलेज तथा मुस्लिम एंग्लो-ओरियंटल कॉलेजों में सर्वप्रथम स्थापना हुई थी
— हिंदू कॉलेज, कलकत्ता की

✷ डेविड हेयर और एलेक्ज़ैंडर डफ़ के साथ मिलकर जिसने कलकत्ता में हिंदू कॉलेज की स्थापना की **— राजा राममोहन राय**

✷ बाल गंगाधर तिलक, स्वामी विवेकानंद, महात्मा गांधी तथा मदनमोहन मालवीय में से भारतीय विश्वविद्यालयों में धार्मिक शिक्षा के लिए प्रबल रूप से वकालत की थी **— मदनमोहन मालवीय ने**

✷ बनारस हिंदू विश्वविद्यालय का शिलान्यास किया था **— लॉर्ड हार्डिंग ने**

✷ अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़; डॉ. भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ; बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी तथा इलाहाबाद विश्वविद्यालय में से सर्वप्रथम केंद्रीय विश्वविद्यालय घोषित किया गया **— बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी को**

आधुनिक भारत में प्रेस का विकास

✷ भारत का पहला समाचार-पत्र था **— बंगाल गजट**

✷ वेलेजली, हेस्टिंग्स, जॉन एडम्स तथा डलहौजी में से सर्वप्रथम प्रेस सेंसरशिप लागू की थी **— वेलेजली ने**

✷ 1878 का 'वर्नाकुलर प्रेस एक्ट' रद्द कर दिया था **— लॉर्ड रिपन ने**

✷ वर्नाकुलर प्रेस एक्ट का प्रवर्तन किया **— लॉर्ड लिटन ने**

✷ वह गवर्नर जनरल जिसके समय भारतीय भाषा प्रेस अधिनियम समाप्त किया गया **— लॉर्ड रिपन**

✷ पत्रकार के कर्तव्य का निर्वहन करते हुए जेल जाने वाला प्रथम भारतीय था **— बाल गंगाधर तिलक**

✷ अमेरिका में 'फ्री हिंदुस्तान' अखबार शुरू किया था
— तारकनाथ दास ने

✷ फारसी साप्ताहिक 'मिरातुल अखबार' को प्रकाशित करते थे
— राजा राममोहन राय

✷ 1880 के दशक में 'इंडियन मिरर' अखबार का प्रकाशन होता था
— कलकत्ता से

✷ गदर-पत्र का प्रथम अंक प्रकाशित हुआ **— उर्दू भाषा में**

✷ गदर पार्टी का पत्र 'गदर' था **— एक साप्ताहिक-पत्र**

✷ 'अमृत बाजार पत्रिका' की स्थापना की **— शिशिर कुमार घोष ने**

✷ लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की सेवा के उद्देश्य से जो समाचार-पत्र प्रारंभ किया था, वह है **— केसरी**

✷ क्रांतिकारी काल की लोकप्रिय पत्रिकाएं जो अनेक कारणों से कांग्रेस की आलोचना करती थीं **— बंगवासी, काल तथा केसरी**

✷ वह समाचार पत्र, जिन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के काल में क्रांतिकारी आतंकवाद की वकालत की थी **— संध्या, युगांतर तथा काल**

✷ सोम प्रकाश नामक समाचार-पत्र शुरू किया था
— ईश्वरचंद्र विद्यासागर ने

✷ न्यू इंडिया, लीडर, यंग इंडिया तथा फ्री प्रेस जनरल अखबारों में से मुख्यतया उदारवादियों की नीतियों का प्रचारक था **— लीडर**

✷ 'दि इंडियन ओपीनियन' पत्र नहीं छापा जाता था **— उर्दू भाषा में**

✷ 'इंडियन ओपीनियन' पत्रिका के प्रथम संपादक थे
— मनसुखलाल नज़र

✷ एक साप्ताहिक के रूप में यंग इंडिया का शुभारंभ किया था
— होमरूल पार्टी ने

✷ भारतीयों द्वारा अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित प्रथम समाचार-पत्र था
— हिंदू पैट्रियॉट

✷ नील आंदोलन का जमकर समर्थन करने वाले 'हिंदू पैट्रियॉट' के संपादक थे **— हरिशचंद्र मुखर्जी**

✷ अंग्रेजी साप्ताहिक 'वन्दे मातरम्' के साथ अपने को संबद्ध किया
— अरविंद घोष ने

✷ इंडियन नेशन, पंजाब केसरी, प्रभाकर तथा डॉन में से जिस अखबार का प्रकाशन पटना से होता था, वह है **— इंडियन नेशन**

✷ 'स्वदेशवाहिनी' के संपादक थे **— के. रामकृष्ण पिल्लै**

✷ अंग्रेजी पत्र 'इनडिपेंडेंट' जुड़ा था **— मोतीलाल नेहरू से**

✷ सही सुमेलित है–

सूची-I (समाचार-पत्र)		सूची-II (भाषा)
भारत मित्र	–	हिंदी
राष्ट्रमत	–	मराठी
प्रजामित्र	–	गुजराती
नायक	–	बंगाली
दैनिक आज	–	शिवप्रसाद गुप्त
द लीडर	–	मदन मोहन मालवीय
द नेशनल हेराल्ड	–	जवाहरलाल नेहरू
द पॉयनियर	–	जॉर्ज एलेन

✷ कानपुर से प्रकाशित जिस समाचार-पत्र के माध्यम से विजय सिंह पथिक ने बिजौलिया आंदोलन को समूचे भारत में चर्चा का विषय बना दिया, वह था **— प्रताप**

✷ 'हरिजन' के प्रारंभकर्ता थे **— महात्मा गांधी**

✷ गांधीजी द्वारा शुरू किए गए एक साप्ताहिक-पत्र 'हरिजन' का प्रथम अंक 11 फरवरी, 1933 को प्रकाशित किया गया
— पूना (वर्तमान पुणे) से

✷ मराठी पाक्षिक 'बहिष्कृत भारत' आरंभ किया था
— बी.आर. अम्बेडकर ने

✷ अल-हिलाल, कॉमरेड, दि इंडियन सोशियोलॉजिस्ट तथा जमींदार में से वह जर्नल जो अबुल कलाम आजाद द्वारा प्रकाशित है **— अल-हिलाल**

✷ वर्ष 1920 में लाहौर से लाजपत राय द्वारा जिस उर्दू समाचार-पत्र को प्रारंभ किया गया था, वह है **— वन्दे मातरम्**

✷ **सही सुमेलित है–**

सूची-I (समाचार-पत्र)		**सूची-II (संपादक)**
हिंदू	–	जी. सुब्रह्मण्यम अय्यर
सुधारक	–	जी. के. गोखले
वॉयस ऑफ इंडिया	–	दादाभाई नौरोजी
बंगाली	–	एस. एन. बनर्जी
बॉम्बे क्रॉनिकल	–	फिरोजशाह मेहता
कॉमनवील	–	एनी बेसेंट
लीडर	–	मदन मोहन मालवीय
सर्चलाइट	–	सच्चिदानंद सिन्हा
इंडिपेंडेंट	–	मोतीलाल नेहरू
जस्टिस	–	टी.एम. नायर

✷ सही सुमेलित है–

सूची-I		**सूची-II**
अबुल कलाम आजाद	-	अल-हिलाल
फिरोजशाह मेहता	-	बॉम्बे क्रॉनिकल
एनी बेसेंट	-	न्यू डंडिया
महात्मा गांधी	-	यंग इंडिया
लोकमान्य तिलक	-	केसरी

✷ 'कौमी आवाज' पत्र का आरंभ किया था **— जवाहरलाल नेहरू ने**

✷ सही सुमेलित है–

नवजीवन	-	एम.के. गांधी
स्वराज्य	-	टी. प्रकाशम्
प्रभात	-	एन.सी. केलकर
क़ौमी आवाज़	-	जवाहरलाल नेहरू

✷ सही सुमेलित है–

महात्मा गांधी	-	यंग इंडिया
बाल गंगाधर तिलक	-	केसरी
एनी बेसेंट	-	कॉमनवील
बी.आर. अम्बेडकर	-	मूक नायक
एनी बेसेंट	-	न्यू इंडिया
दादाभाई नौरोजी	-	रास्त गोफ्तार

✷ एनी बेसेंट द्वारा निकाले जाने वाले दो अखबार थे
— कॉमनवील, न्यू इंडिया

✷ सही सुमेलित है–

बिपिन चंद्र पाल	-	न्यू इंडिया
अरबिंद घोष	-	वन्दे मातरम्
ब्रह्मबांधव उपाध्याय	-	संध्या
मुहम्मद अली	-	कॉमरेड

✷ सही सुमेलित है–

एस.ए. डान्गे	–	द. सोशलिस्ट
मुजफ़्फ़र अहमद	–	नवयुग
गुलाम हुसैन	–	इंकलाब
एम. सिन्गरवेलू	–	लेबर-किसान गज़ट

सामाजिक एवं धार्मिक सुधार आंदोलन

✷ उन्नीसवीं शताब्दी के धर्म एवं समाज सुधार आंदोलनों ने जनसंख्या के जिस वर्ग को मुख्यतः आकर्षित किया, वह हैं
— बुद्धिजीवी, नगरीय उच्च जातियां, उदार रजवाड़े

✷ **कथन (A)** : 19वीं सदी के सामाजिक धार्मिक आंदोलनों के कारण भारत का आधुनिकीकरण हुआ।
कारण (R) : सामाजिक, धार्मिक आंदोलनों के मूल में बुद्धिवाद, वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा अन्य ऐसे विचार थे जो आधुनिकता के आधार माने जाते हैं।
— (A) व (R) दोनों सही हैं और (A) की सही व्याख्या (R) है।

✷ कुलीन जमींदार, नवीन धनवान व्यापारी, शिक्षित हिंदू मध्यम वर्ग तथा शिक्षित मुसलमान में से वह वर्ग, जिसे सर्वप्रथम पश्चिमी सभ्यता ने प्रभावित किया **— शिक्षित हिंदू मध्यम वर्ग**

✷ 'भारतीय जागृति' का जनक कहलाता है **— राजा राममोहन राय**

✷ 'भारतीय पुनर्जागरण का पिता' कहा जाता है
— राजा राममोहन राय को

✷ भारतीय राष्ट्रवाद का पैगम्बर माना जाता है
— राममोहन राय को

✷ भारत का प्रथम 'आधुनिक पुरुष' माना जाता है
— राजा राममोहन राय को

✷ राजा राममोहन राय द्वारा स्थापित प्रथम संस्था थी **— आत्मीय सभा**

✷ राजा राममोहन राय द्वारा ब्रह्म समाज की स्थापना की गई
— 1828 ई. में

✷ राममोहन राय को राजा उपाधि दी थी **— अकबर II ने**

✷ राजा राममोहन राय की समाधि है **— ब्रिस्टल, इंग्लैंड में**

✷ कलकत्ता यूनिटेरियन कमेटी, टेबरनेकल ऑफ न्यू डिस्पेंसेशन तथा इंडियन रिफॉर्म एसोसिएशन में से केशवचंद्र सेन का संबंध है **— टेबरनेकल ऑफ न्यू डिस्पेंसेशन तथा इंडियन रिफॉर्म एसोसिएशन की स्थापना से**

✷ भारतीय ब्रह्म समाज के संस्थापक थे **— केशवचंद्र सेन**

✷ ब्रह्म समाज का सिद्धांत आधारित है **— एकदेववाद पर**

✷ बाल विवाह, सती प्रथा, पाश्चात्य शिक्षा तथा मूर्ति पूजा में से वह जिसका विरोध राजा राममोहन राय ने नहीं किया था **— पाश्चात्य शिक्षा का**

✷ ब्रह्म समाज के बारे में, सही कथन है- **— इसने मूर्ति पूजा का विरोध किया, धार्मिक ग्रंथों की व्याख्या के लिए इसने पुरोहित वर्ग को अस्वीकारा।**

✷ उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में 'नव हिंदूवाद' (New-Hinduism) के सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि थे **— स्वामी विवेकानंद**

✷ विवेकानंद ने शिकागो में आयोजित 'पार्लियामेंट ऑफ वर्ल्ड्स रिलीजन्स' में भाग लिया था **— 1893 ई. में**

✷ प्रख्यात समाज सुधारक जिसने ज्ञानयोग, कर्मयोग तथा राजयोग नामक पुस्तकें लिखीं **— स्वामी विवेकानंद**

✷ रामकृष्ण मिशन की स्थापना की थी **— स्वामी विवेकानंद ने**

✷ स्वामी विवेकानंद ने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की **— 1897 ई. में**

✷ शारदामणि थी **— रामकृष्ण परमहंस की पत्नी**

✷ दयानंद सरस्वती द्वारा स्थापित है **— आर्य समाज**

✷ आर्य समाज की स्थापना का वर्ष है **— 1875**

✷ वेदों के पुनरुत्थान का श्रेय है **— स्वामी दयानंद सरस्वती को**

✷ 'वेदों की ओर चलो' कहा था **— दयानंद सरस्वती ने**

✷ 'भारत का मार्टिन लूथर' कहलाता है **— स्वामी दयानंद सरस्वती**

✷ 'सत्यार्थ प्रकाश' की रचना की गई थी **— स्वामी दयानंद सरस्वती द्वारा**

✷ 'सत्यार्थ प्रकाश' पवित्र पुस्तक है **— आर्य समाज की**

✷ शुद्धि आंदोलन का समर्थन किया गया था **— आर्य समाज द्वारा**

✷ ''अच्छा शासन स्वशासन का स्थानापन्न नहीं है'', कहा था **— स्वामी दयानंद ने**

✷ वह व्यक्ति जिसने सर्वप्रथम 'स्वराज्य' शब्द का प्रयोग किया और हिंदी को राष्ट्रभाषा माना **— स्वामी दयानंद**

✷ तुलसीदास, राजा राममोहन राय, स्वामी विवेकानंद तथा दयानंद सरस्वती का सही कालक्रम है **— तुलसीदास, राजा राममोहन राय, दयानंद सरस्वती, स्वामी विवेकानंद**

✷ महाराष्ट्र में 'प्रार्थना समाज' की स्थापना की थी **— आत्माराम पांडुरंग ने**

✷ महाराष्ट्र में प्रार्थना समाज का मुख्य संचालक था **— एम.जी. रानाडे**

✷ 'देव समाज' के संस्थापक थे **— शिवनारायण अग्निहोत्री**

✷ 1873 ई. में 'सत्यशोधक समाज' की स्थापना की **— ज्योतिबा फुले ने**

✷ 'गुलामगीरी' का लेखक था **— ज्योतिबा फुले**

✷ पिछड़े वर्गों का उत्थान मुख्य कार्यक्रम था **— सत्यशोधक समाज का**

✷ सत्यशोधक समाज ने संगठित किया **— महाराष्ट्र में एक जाति-विरोधी आंदोलन**

✷ वह बंगाली नेता जिसने सामाजिक-धार्मिक सुधारों का विरोध किया और रूढ़िवादिता का समर्थन किया **— राधाकांत देव**

✷ राधास्वामी सत्संग के संस्थापक थे **— शिवदयाल साहब**

✷ महाराष्ट्र का वह सुधारक जिसे 'लोकहितवादी' कहा जाता था **— गोपाल हरि देशमुख**

✷ महाराष्ट्र में विधवा पुनर्विवाह हेतु अभियान का नेतृत्व किया **— विष्णु परशुराम पंडित ने**

✷ 19वीं सदी के महानतम पारसी समाज सुधारक थे **— बहरामजी एम. मालाबारी**

✷ 'दि एज ऑफ कांसेंट एक्ट' पारित हुआ **— 1891 में**

✷ उसका 'प्रधान संबल' (Principal Forte) था सामाजिक और धार्मिक सुधार, उसने सामाजिक बुराइयों के निराकरण के लिए विधान निर्माण का सहारा लिया और बाल विवाह, पर्दा प्रथा...के उन्मूलन के लिए अविराम परिश्रम किया, सामाजिक समस्याओं पर राष्ट्रीय स्तर पर विचार-विमर्श को प्रोत्साहित करने हेतु उसने भारतीय राष्ट्रीय सामाजिक सम्मेलन का उद्घाटन किया जिसके अधिवेशन बहुत वर्षों तक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के साथ-साथ होते रहे, इस उद्धरण में संकेतित व्यक्ति हैं **— महादेव गोविंद रानाडे**

✷ भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के समय, राष्ट्रीय सामाजिक सम्मेलन (नेशनल सोशल कॉन्फ्रेंस) का गठन किया गया था। इसके गठन के लिए उत्तरदायी कारण था **— भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अपने कार्यक्रम में सामाजिक सुधारों को नहीं रखना चाहती थी। इसीलिए प्रस्तुत उद्देश्य के लिए उसने अलग से संगठन बनाने का सुझाव दिया**

✷ सही कथन हैं- **— केशवचंद्र सेन के नेतृत्व में ब्रह्म समाज ने नारी शिक्षा के लिए आंदोलन चलाया था। विनोबा भावे ने शरणार्थियों में काम करने के लिए सर्वोदय समाज की स्थापना की थी।**

✷ 1856 में कानून पारित हुए, वह हैं **— धार्मिक असुविधा कानून तथा हिंदू विधवा पुनर्विवाह कानून**

✷ पश्चिमी भारत के डी.के कर्वे का नाम जिस संदर्भ में आता है, वह है **— स्त्री शिक्षा, विधवा पुनर्विवाह**

✷ वह व्यक्ति जिसने विधवा पुनर्विवाह के लिए संघर्ष किया और उसे कानूनी रूप से वैध बनाने में सफलता प्राप्त की **— ईश्वरचंद्र विद्यासागर**

✷ सही कथन हैं-

— 1829 ई. में विलियम बेंटिक ने सती प्रथा को कानून द्वारा अपराध घोषित कर दिया; 1856 ई. में सरकार ने कानून बनाया जिसके अनुसार, हिंदू विधवाएं पुनर्विवाह कर सकती थीं; 1875 ई. में स्वामी दयानंद सरस्वती द्वारा आर्य समाज की स्थापना की गई।

✷ 1843 के एक्ट V ने गैर-कानूनी बना दिया

— गुलामी (दासता) को

✷ 1872 में नेटिव मैरिज एक्ट को पारित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी **— केशवचंद्र सेन ने**

✷ बाल विवाह प्रथा को नियंत्रित करने हेतु 1872 के सिविल मैरिज एक्ट ने लड़कियों के विवाह की न्यूनतम उम्र निर्धारित की **— 14 वर्ष**

✷ ''1853 में जन्में ये पश्चिमी भारत के पारसी थे। ये ''इंडियन स्पेक्टेटर'' तथा ''वॉयस ऑफ इंडिया'' के संपादक थे। ये एक समाज सुधारक थे और सम्मति आयु अधिनियम, 1891 के पक्ष में प्रमुख संघर्षकर्ता थे।'' इन तथ्यों से संबंधित हैं **— बी.एम. मालाबारी**

✷ शारदा अधिनियम के अंतर्गत लड़कियों एवं लड़कों के विवाह की न्यूनतम आयु क्रमशः निर्धारित की गई थी **— 14 वर्ष एवं 18 वर्ष**

✷ शारदा एक्ट संबंधित था **— बाल विवाह प्रतिबंध से**

✷ 'थियोसोफ़िकल सोसायटी' की स्थापना की

— मैडम एच.पी. ब्लावेट्स्की ने

✷ भारत में थियोसोफिकल सोसायटी की सफलता मुख्यतः थी

— एनी बेसेंट के कारण

✷ सही सुमेलित है–

राजा राममोहन राय	-	ब्रह्म समाज
स्वामी दयानंद सरस्वती	-	आर्य समाज
स्वामी विवेकानंद	-	रामकृष्ण मिशन
महादेव गोविंद रानाडे	-	प्रार्थना समाज

✷ सही सुमेलित है–

थियोसोफिकल सोसायटी	-	एनी बेसेंट
प्रार्थना समाज	-	डॉ. आत्माराम पांडुरंग
आत्मीय सभा	-	राजा राममोहन राय
भारतीय ब्रह्म समाज	-	केशवचंद्र सेन
राधास्वामी सत्संग	-	तुलसीराम

✷ सही सुमेलित है–

सूची-I		सूची-II
ब्रह्म समाज	-	कलकत्ता
मानव धर्म सभा	-	सूरत
आर्य समाज	-	बंबई
नदवा-उल-उल्मा	-	लखनऊ

✷ सही सुमेलित है–

सत्यशोधक समाज	-	ज्योतिबा फुले
मोहम्मडन-एंग्लो ओरियंटल कॉलेज, अलीगढ़	-	सर सैयद अहमद खां
तत्वबोधिनी सभा	-	देवेंद्रनाथ टैगोर
दि सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसायटी	-	गोपाल कृष्ण गोखले

✷ एम.सी. शीतलवाड़, बी.एन. राव तथा अल्लादि कृष्णस्वामी अय्यर प्रख्यात सदस्य थे **— सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसायटी के**

✷ 'सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसायटी' की स्थापना की थी

— गोपाल कृष्ण गोखले ने

✷ 'बहुजन समाज' का संस्थापक था **— मुकुंदराव पाटिल**

✷ नाडारों द्वारा मंदिरों में प्रवेश के अधिकार की मांग की प्रस्तुति के कारण 1899 में भयंकर दंगे हुए थे **— तिरूनेलवेली में**

✷ ''यदि भगवान अस्पृश्यता को सहन करते हैं, तो मैं उन्हें कभी भगवान नहीं मानूंगा'' कहा था **— बाल गंगाधर तिलक ने**

✷ सही सुमेलित है–

सूची-I		सूची-II
राजा राममोहन राय	-	यह कहा कि हिंदू धर्म का शुद्धतम रूप उपनिषदों में निहित है
केशवचंद्र सेन	-	यह कहा कि ब्रह्मवाद को विश्व धर्म बनाना चाहिए
दयानंद सरस्वती	-	हिंदू धर्म की पहचान वेदों में संस्थापित धर्म से की
रामकृष्ण परमहंस	-	इस पर जोर दिया कि ईश्वर तक पहुंचने के कई मार्ग हो सकते हैं

✷ समाज सुधारक जो संस्कृत भाषा में प्रवीणता के लिए जाने जाते हैं

— दयानंद सरस्वती, ईश्वरचंद्र विद्यासागर एवं राजा राममोहन राय

✷ सही कथन हैं-

— ब्रह्म समाज एकेश्वरवाद का समर्थन करता था; आर्य समाज ने शिक्षा के विकास में योगदान दिया; रामकृष्ण मिशन की स्थापना स्वामी विवेकानंद ने की।

✷ भारत में नारी-आंदोलन प्रारंभ हुआ **— ज्योतिबा फुले की प्रेरणा से**

✷ ब्रह्म समाज, रामकृष्ण मिशन और आर्य समाज में समानता थी

— तीनों ही राजनैतिक उद्देश्यों के लिए नहीं बने, लेकिन तीनों ने ही देशभक्ति की भावना के विकास में सहायता दी।

✷ सही कथन हैं-

— डॉ. एनी बेसेंट थियोसोफिस्ट थीं; थियोसाफिकल सोसायटी का अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय मद्रास में है; स्वामी दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना की।

✷ 'दार-उल-उलूम' की स्थापना की थी **— मौलाना हुसैन अहमद ने**

✷ देवबंद आंदोलन, यू.पी. (संयुक्त प्रांत) में आरंभ हुआ था — **1866 ई. में**

✷ 1924 का बंगाल का 'तारकेश्वर आंदोलन' विरुद्ध था — **मंदिरों में भ्रष्टाचार का**

✷ 'हाली पद्धति' संबंधित थी — **बंधुआ मजदूर से**

कांग्रेस से पूर्व स्थापित राजनीतिक संस्थाएं

✷ भारत में जिस राजनीतिक संगठन की स्थापना 1838 ई. में हुई उसका नाम था — **जमींदारी एसोसिएशन**

✷ दि दक्कन एसोसिएशन, दि इंडियन एसोसिएशन, दि मद्रास महाजन सभा एवं दि पूना सार्वजनिक सभा में से जिसने 1875 ई. में हाउस ऑफ कॉमन्स में एक याचिका प्रस्तुत करते हुए ब्रिटिश संसद में भारत के प्रत्यक्ष प्रतिनिधित्व की मांग की, वह है — **दि पूना सार्वजनिक सभा**

✷ 'इंडियन एसोसिएशन' के संस्थापक थे — **एस.एन. बनर्जी**

✷ राष्ट्रीय कांग्रेस से पूर्व सबसे प्रमुख संस्था थी — **इंडियन एसोसिएशन ऑफ कलकत्ता**

✷ सत्येंद्रनाथ टैगोर, सुरेंद्रनाथ बनर्जी, आर.सी. दत्त तथा सुभाष चंद्र बोस में से वह नेता, जो ब्रिटिश द्वारा इंडियन सिविल सर्विस से बर्खास्त किया गया था — **सुरेंद्रनाथ बनर्जी**

✷ सुरेंद्रनाथ बनर्जी द्वारा स्थापित उस संगठन का नाम जिसका 1886 ई. में इंडियन नेशनल कांग्रेस में विलय हो गया — **इंडियन नेशनल कॉन्फ्रेंस**

✷ राजनैतिक सुधारों को लेकर विरोध करने वाले पहले भारतीय थे — **सुरेंद्रनाथ बनर्जी**

✷ सही कालक्रम है- — **बॉम्बे एसोसिएशन → इंडियन लीग → इंडियन एसोसिएशन → मद्रास महाजन सभा**

✷ मद्रास महाजन सभा की स्थापना की गई — **1884 ई. में**

✷ 1885 में स्थापित बंबई प्रेसीडेंसी एसोसिएशन के संस्थापकों में से एक था — **फिरोजशाह मेहता**

✷ सही सुमेलित है–

ब्रिटिश इंडिया सोसायटी	-	लंदन
ईस्ट इंडिया एसोसिएशन	-	लंदन
नेशनल इंडिया एसोसिएशन	-	लंदन
इंडियन एसोसिएशन	-	कलकत्ता

✷ संस्थाओं का सही कालक्रम है– — **बंगभाषा प्रकाशिका सभा, लैंडहोल्डर्स सोसायटी, बंगाल ब्रिटिश इंडिया सोसायटी, इंडियन लीग**

✷ सही सुमेलित है–

सूची-I (संगठन)		सूची-II (संस्थापक)
लैंड होल्डर्स सोसायटी	-	द्वारकानाथ टैगोर
ब्रिटिश इंडिया सोसायटी	-	विलियम एडम्स
इंडियन सोसायटी	-	आनंद मोहन बोस
इंडियन एसोसिएशन	-	एस.एन. बनर्जी

✷ सही सुमेलित है–

सूची - I		सूची - II
इंडिया लीग	-	शिशिर कुमार घोष
इंडियन एसोसिएशन	-	आनंद मोहन बोस
भारतीय राष्ट्रीय उदार संघ	-	सुरेंद्रनाथ बनर्जी
युनाइटेड इंडिया पैट्रियाटिक एसोसिएशन	-	सैयद अहमद खान

✷ सही सुमेलित है–

सूची-I		सूची-II
एशियाटिक सोसायटी ऑफ बंगाल	-	1784 ई.
एशियाटिक सोसायटी ऑफ बॉम्बे	-	1804 ई.
रॉयल एशियाटिक सोसायटी ऑफ ग्रेट ब्रिटेन	-	1823 ई.
लैंड होल्डर्स सोसायटी ऑफ बंगाल	-	1838 ई.

✷ सही सुमेलित है–

सूची-I		सूची-II
ब्रिटिश इंडियन एसोसिएशन	-	राधाकांत देव
बॉम्बे प्रेसीडेंसी एसोसिएशन	-	के.टी. तैलंग
सेंट्रल मोहम्मडन नेशनल एसोसिएशन	-	सैयद अमीर अली
सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसायटी	-	गोपाल कृष्ण गोखले

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस

✷ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना की थी — **ए.ओ. ह्यूम ने**

✷ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संस्थापक थे, एक — **असैनिक सेवक**

✷ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना हुई — **1885 ई. में**

✷ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रथम अधिवेशन में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों की संख्या थी — **72**

✷ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रथम अधिवेशन हुआ था — **बंबई में**

✷ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पहले अध्यक्ष थे — **डब्ल्यू.सी. बनर्जी**

✷ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 1885 में महासचिव था — **ए.ओ. ह्यूम**

✷ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना के समय भारत का वायसराय था — **लॉर्ड डफरिन**

✷ कांग्रेस को सूक्ष्मदर्शीय अल्पसंख्यक जनता का प्रतिनिधि बताते हुए उसका मज़ाक उड़ाया था — **लॉर्ड डफरिन ने**

✷ दादाभाई नौरोजी, जी.सुब्रमण्यम अय्यर, जस्टिस रानाडे तथा सुरेंद्रनाथ बनर्जी में से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्थापना अधिवेशन में उपस्थित नहीं था **— सुरेंद्रनाथ बनर्जी**

✷ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के दूसरे अधिवेशन की अध्यक्षता की **— दादाभाई नौरोजी ने**

✷ कांग्रेस के लिए समर्थन प्राप्त करने के लिए 1889 ई. में एक समिति स्थापित की गई। उस समिति का सभापति था **— विलियम डिग्बी**

✷ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सर्वप्रथम मुस्लिम अध्यक्ष थे **— बदरुद्दीन तैयबजी**

✷ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रथम निर्वाचित यूरोपीय अध्यक्ष था **— जॉर्ज यूले**

✷ फिरोजशाह मेहता, हकीम अजमल खान, खान अब्दुल गफ्फार खान तथा सर सैयद अहमद में से वह जो भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से कभी संबद्ध नहीं रहे **— सर सैयद अहमद**

✷ लाला लाजपत राय, एनी बेसेंट, मोतीलाल नेहरू तथा बाल गंगाधर तिलक में से वह जो भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष कभी नहीं चुना जा सका **— बाल गंगाधर तिलक**

✷ लाल, बाल और पाल त्रिगुट का व्यक्ति जो भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष हुआ **— लाला लाजपत राय**

✷ सुचेता कृपलानी, अरुणा आसफ अली, एनी बेसेंट तथा विजयलक्ष्मी पंडित में से भारतीय कांग्रेस की अध्यक्ष रहीं **— एनी बेसेंट**

— यह पूर्णतः एक पैदल यात्रा थी; साबरमती आश्रम से आरंभ होकर इसका समापन दांडी में हुआ था; साबरमती आश्रम से शुरू समूची यात्रा 24 दिनों में पूरी हुई थी।

✷ नमक सत्याग्रह के समय गांधीजी के गिरफ्तार हो जाने के बाद आंदोलन के नेता के रूप में उनका स्थान लिया **— अब्बास तैयबजी ने**

✷ महात्मा गांधी धरसना नमक गोदाम पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के धावे के समय थे **— यरवदा जेल में**

✷ वह आंदोलन जिसमें भाग लेने के लिए आचार्य विनोबा भावे प्रथम बार गिरफ्तार हुए थे **— सविनय अवज्ञा आंदोलन**

✷ गांधीजी ने जिस विदेशी पत्रकार को दांडी मार्च के समय अपने साबरमती आश्रम में ठहराया, वह था **— वेब मिलर**

✷ अप्रैल, 1930 में नमक कानून तोड़ने के लिए तंजौर तट पर एक अभियान संगठित किया था **— सी. राजगोपालाचारी ने**

✷ भारतीय स्वाधीनता संघर्ष के दौरान रेड शर्ट्स के नाम से भी पहचाने जाने वाले खुदाई खिदमतगारों ने आह्वान किया

— पठान क्षेत्रीय राष्ट्रवादी एकता का और उपनिवेशवाद के विरुद्ध संघर्ष का

✷ लाल कुर्ती दल संगठित किया गया था
— अंग्रेजों को निकालने के लिए

✷ गढ़वाल रेजीमेंट के सैनिकों ने प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने से इंकार कर दिया था **— सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान**

✷ 'लाल कुर्ती' आंदोलन के नेता थे **— खान अब्दुल गफ्फार खां**

✷ सन् 1930 में अंग्रेज सरकार के विरुद्ध, प्रसिद्ध 'पेशावर कांड' का नायक था **— वीर चंद्रसिंह गढ़वाली**

✷ जियातरंग आंदोलन प्रारंभ हुआ **— मणिपुर में**

✷ बेगूसराय के चौकीदारी टैक्स के विरुद्ध आंदोलन, एक हिस्सा था
— सविनय अवज्ञा आंदोलन का

✷ सविनय अवज्ञा आंदोलन (Civil Disobedience Movement) की असफलता के बाद गांधीजी ने महत्व दिया
— रचनात्मक कार्यक्रम को

✷ प्रभावती देवी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थीं **— पटना की**

गांधी-इरविन समझौता

✷ गांधी-इरविन समझौता हुआ मुख्य रूप से
— गोलमेज सम्मेलन में कांग्रेस की भागीदारी सहज करने के लिए

✷ 5 मार्च, 1931 को हुआ समझौता **— इरविन-गांधी समझौता**

✷ वह आन्दोलन जिसका स्थगन गांधी-इरविन समझौते में किया जाना प्रस्तावित था **— सविनय अवज्ञा आंदोलन का**

✷ गांधी-इरविन समझौते के हस्ताक्षरित होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई
— तेज बहादुर सप्रू ने

✷ इरविन तथा गांधी को 'दो महात्मा' कहा था **— सरोजिनी नायडू ने**

✷ गांधी-इरविन समझौते में महात्मा गांधी के लाभ को 'सांत्वना पुरस्कार' कहा था **— एलन कैम्पबेल जॉनसन ने**

कांग्रेस का कराची अधिवेशन (1931)

✷ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कराची अधिवेशन का सभापतित्व किया था
— वल्लभभाई पटेल ने

✷ 1931 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कराची अधिवेशन के लिए, जिसकी अध्यक्षता सरदार पटेल कर रहे थे, मूल अधिकारों तथा आर्थिक कार्यक्रम पर संकल्प प्रारूपित किया था
— पंडित जवाहरलाल नेहरू ने

✷ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कराची अधिवेशन (1931) को 'महात्मा गांधी की लोकप्रियता और सम्मान की पराकाष्ठा' माना
— एस.सी. बोस ने

✷ भारतीय स्वाधीनता संघर्ष से संबंधित घटनाओं का सही क्रम है
— गांधी-इरविन समझौता-भगत सिंह को फांसी-भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का कराची अधिवेशन-द्वितीय गोलमेज सम्मेलन

✷ भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन से संबंधित घटनाओं का सही क्रम है-
— गांधी-इरविन समझौता-राजगुरु को फांसी-भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का कराची अधिवेशन

✷ भारतीय स्वाधीनता संग्राम से संबंधित घटनाओं का सही क्रम है-
— गांधी-इरविन समझौता-भगत सिंह को फांसी-भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का कराची अधिवेशन-पूना समझौता

गोलमेज सम्मेलन

✷ मौलाना मुहम्मद अली, मौलाना अबुल कलाम आजाद, महात्मा गांधी तथा पं. जवाहरलाल नेहरू में से वह भारतीय नेता जिसने लंदन में प्रथम गोलमेज कॉन्फ्रेंस में भाग लिया था **— मौलाना मुहम्मद अली**

✷ प्रथम गोलमेज सम्मेलन के बारे में सही है
— यह 1930 में आयोजित हुई थी; इसे साइमन आयोग की रिपोर्ट पर चर्चा करनी थी; इसका आयोजन लंदन में हुआ था।

✷ लंदन में संपन्न हुए गोलमेज सम्मेलन में भारतीय ईसाइयों का प्रतिनिधित्व किया था **— के.टी. पाल ने**

✷ द्वितीय गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया
— महात्मा गांधी, सरोजिनी नायडू, मदन मोहन मालवीय ने

✷ द्वितीय गोलमेज सम्मेलन में कांग्रेस का प्रतिनिधित्व किया
— महात्मा गांधी ने

✷ **कथन (A) :** जवाहरलाल नेहरू ने दूसरे गोलमेज सम्मेलन (1932) में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रतिनिधित्व किया था।
कारण (R) : गांधी-इरविन समझौते (1931) में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का दूसरे गोलमेज सम्मेलन (1931) में भाग लेना अंतर्निहित था।
— (A) गलत है, किंतु (R) सही है।

✷ महात्मा गांधी, जब द्वितीय गोलमेज सभा में भाग लेने लंदन गए थे, ठहरे थे **— किंग्सले हाल में**

✷ द्वितीय गोलमेज सम्मेलन में कांग्रेस के एक प्रतिनिधि के रूप में भाग लेने के लिए महात्मा गांधी बंबई से लंदन जिस पानी के जहाज में गये थे, उसका नाम था **— एस.एस. राजपूताना**

✷ महात्मा गांधी दिसंबर, 1931 में खाली हाथ भारत लौटे थे
— लंदन से

✷ द्वितीय गोलमेज सम्मेलन जिस प्रश्न पर असफल रहा, वह था
— सांप्रदायिक प्रतिनिधित्व

✷ उस भारतीय का नाम जिसने तीनों गोलमेज सम्मेलनों में भाग लिया था
— बी.आर. अम्बेडकर

✷ 1930-32 की अवधि में भारत और ब्रिटेन के राजनेताओं की लंदन में हुई बैठकों का प्रायः प्रथम, द्वितीय और तृतीय गोलमेज सम्मेलन के रूप में उल्लेख किया जाता है। उनका उसी रूप में उल्लेख गलत होगा, क्योंकि — **ये तीन अलग-अलग सम्मेलन नहीं थे, अपितु यह एक ही सम्मेलन की अवस्था थी जो तीन सत्रों में संपन्न हुई थी**

✷ गोलमेज सम्मेलन जो 1932 में हुआ था — **तीसरा**

✷ सही कथन है-

— प्रथम गोलमेज सम्मेलन में डॉ. अम्बेडकर ने दलित वर्ग के लिए अलग निर्वाचक मंडल की मांग रखी; पूना पैक्ट में स्थानीय निकायों तथा सिविल सेवाओं में दलित वर्गों के प्रतिनिधित्व के लिए विशेष उपबंध रखे गए थे; तृतीय गोलमेज सम्मेलन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने भाग नहीं लिया था।

सांप्रदायिक पंचाट एवं पूना पैक्ट (1932)

✷ 'सांप्रदायिक अधिनिर्णय' घोषित किया — **रैम्जे मैक्डोनॉल्ड ने**

✷ अगस्त, 1932 के रैम्जे मैक्डोनॉल्ड के सांप्रदायिक पंचाट के द्वारा पहली बार एक पृथक निर्वाचक समूह बनाया गया — **अछूतों के लिए**

✷ मैक्डोनॉल्ड के सांप्रदायिक पंचाट (Communal Award) ने पृथक चुनाव क्षेत्र एवं आरक्षित सीटें आवंटित की थीं

— मुसलमानों, सिक्खों तथा अनुसूचित जातियों को

✷ महात्मा गांधी ने पहला आमरण अनशन प्रारंभ किया था

— कम्युनल अवॉर्ड के समय

✷ 1932 में महात्मा गांधी ने मरणपर्यंत उपवास प्रधानतया इसलिए किया कि

— रैम्ज़े मैकडोनाल्ड ने सांप्रदायिक अधिनिर्णय (कम्युनल अवॉर्ड) की घोषणा की

✷ सांप्रदायिक अवॉर्ड एवं पूना पैक्ट में दलित वर्ग के लिए सीटें दी गईं

— क्रमशः 71 व 147

✷ पूना समझौते का उद्देश्य था — **दलित वर्ग को प्रतिनिधित्व देना**

✷ **कथन (A) :** पूना पैक्ट ने कम्युनल अवॉर्ड के उद्देश्य को धराशायी कर दिया।

कारण (R) : उसके माध्यम से संसद एवं विधान सभाओं में अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों के सीट आरक्षण का मार्ग प्रशस्त हो गया।

— (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

✷ श्री बी.आर. अम्बेडकर व गांधीजी के बीच एक समझौता हुआ था जो कहलाता है — **पूना समझौता**

✷ पूना पैक्ट पर हस्ताक्षर किए थे

— सांप्रदायिक अधिनिर्णय के विरुद्ध गांधीजी के आमरण अनशन के बाद पूना समझौता 24 सितंबर, 1932 को हस्ताक्षरित हुआ। इस समझौते पर गांधीजी के समर्थकों एवं अम्बेडकर ने हस्ताक्षर किए थे। गांधीजी ने इस पर हस्ताक्षर नहीं किए थे।

✷ 'सांप्रदायिक अधिनिर्णय' की घोषणा के पश्चात संपादित किया गया

— पूना समझौता

✷ बी.आर. अम्बेडकर, मदन मोहन मालवीय, सी. राजगोपालाचारी तथा एम.के. गांधी में से 1932 के ऐतिहासिक पूना समझौते पर हस्ताक्षर किए थे

— बी.आर. अम्बेडकर, मदन मोहन मालवीय, सी. राजगोपालाचारी

✷ 1932 में पूना पैक्ट के बाद हरिजन सेवक संघ की स्थापना हुई। इसके अध्यक्ष थे — **घनश्याम दास बिड़ला**

✷ ऑल इंडिया अनटचैबिलिटी लीग, बाद में जिसका नाम बदलकर 'हरिजन सेवक संघ' हुआ, इसके प्रथम अध्यक्ष थे — **जी.डी. बिड़ला**

✷ अखिल भारतीय हरिजन संघ की स्थापना की थी

— महात्मा गांधी ने

✷ 'दलित वर्गों का संघ' स्थापित किया गया था

— डॉ. बी.आर. अम्बेडकर द्वारा

✷ ''महात्मा गांधी क्षणिक भूत की भांति धूल उठाते हैं लेकिन स्तर नहीं।'' कहा था — **डॉ. बी.आर. अम्बेडकर ने**

कांग्रेस समाजवादी पार्टी (1934)

✷ कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी की पहली बैठक पटना में हुई

— वर्ष 1934 में

✷ एम.एन. राय, गणेश शंकर विद्यार्थी, पट्टमताणु पिल्लै तथा आचार्य नरेंद्र देव में से कांग्रेस समाजवादी दल का प्रमुख नेता था

— आचार्य नरेंद्र देव

✷ वर्ष 1934 में पटना में अखिल भारतीय कांग्रेस समाजवादी पार्टी का संयोजक था — **जयप्रकाश नारायण**

✷ वर्ष 1934 में कांग्रेस समाजवादी पार्टी का गठन किया गया था

— जयप्रकाश नारायण एवं आचार्य नरेंद्र देव द्वारा

✷ बिहार सोशलिस्ट पार्टी के संस्थापक थे — **जयप्रकाश नारायण**

✷ 'लोकनायक' के नाम से जाना जाता है — **जयप्रकाश नारायण को**

✷ जयप्रकाश दिवस मनाया गया — **अप्रैल, 1946 में**

✷ श्री नरसिंह नारायण थे — **समाजवादी**

✷ सही कथन हैं-

— 1936 में हस्ताक्षरित ''बंबई मेनिफेस्टो'' प्रत्यक्ष रूप से समाजवादी आदर्शों के प्रतिपादन का विरोधी था, इसको समस्त भारत से वृहत व्यापारिक समुदाय का सहयोग मिला था।

प्रांतीय चुनाव और मंत्रिमंडल का गठन (1937)

✷ 1937 में संपन्न विधानसभा चुनावों में इंडियन नेशनल कांग्रेस को पूर्ण बहुमत नहीं मिला था — **पंजाब में**

✷ प्रांतीय सरकारों का गठन किया गया था — **1935 के अधिनियम के तहत**

✷ 1935 के अधिनियम के तहत कराए गए विधानसभा चुनावों में मद्रास,बिहार, उड़ीसा एवं बंगाल राज्य में कांग्रेस ने पूर्ण बहुमत नहीं प्राप्त किया — **बंगाल में**

✷ बंबई, असम, उड़ीसा तथा बिहार में से वह प्रांत जहां 1937 के आम निर्वाचन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को पूर्ण बहुमत नहीं प्राप्त हुआ था — **असम में**

✷ 1937 के चुनावों में कांग्रेस द्वारा बहुमत प्राप्त प्रांतों की संख्या है — **पांच**

✷ 1937 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का मंत्रिमंडल बना — **मध्य प्रांत, उड़ीसा में**

✷ वह प्रांत जहां 1937 के आम चुनाव के बाद भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अपनी सरकार बनाई — **बिहार, मद्रास, उड़ीसा**

✷ बिहार, मद्रास, उड़ीसा एवं पंजाब में से वह प्रदेश जिसमें 1935 के अधिनियम के अंतर्गत कांग्रेस की मंत्रिपरिषद का गठन नहीं हुआ था — **पंजाब**

✷ वर्ष 1937 के चुनावों में कांग्रेस का मंत्रिमंडल बना था — **6 प्रांतों में**

✷ 1935 के अधिनियम के उपरांत, 1937 में हुए चुनावों में गठित कांग्रेस मंत्रिमंडलों का कार्यकाल था — **28 माह**

✷ मुस्लिम लीग ने 'मुक्ति दिवस' मनाया था — **1939 में**

✷ कांग्रेस ने भूस्वामित्व को समाप्त करने की नीति अपनाई — **कार्यकारिणी कमेटी, 1937 में**

✷ 1937 के चुनाव के पश्चात यू.पी. में गठित मंत्रिमंडल में वित्त विभाग सौंपा गया था — **रफी अहमद किदवई को**

✷ कांग्रेस प्रशासित प्रदेशों में मुस्लिमों की शिकायतों से संबंधित रिपोर्टों का सही कालानुक्रम है- — **पीरपुर रिपोर्ट-शरीफ रिपोर्ट-मुस्लिम सफरिंग्स अंडर कांग्रेस रूल**

कांग्रेस का त्रिपुरी संकट (1939)

✷ 1938 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष निर्वाचित हुए — **सुभाष चंद्र बोस**

✷ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के हरिपुरा अधिवेशन की अध्यक्षता की थी — **एस.सी. बोस ने**

✷ 'हरिपुरा' जहां भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का वार्षिक अधिवेशन 1938 में सुभाष चंद्र बोस की अध्यक्षता में हुआ था, वह स्थित है — **गुजरात में**

✷ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के त्रिपुरी सम्मेलन में वर्ष 1939 में सुभाष चंद्र बोस को कांग्रेस का अध्यक्ष चुना गया था। यह त्रिपुरी है — **जबलपुर में**

✷ सुभाष चंद्र बोस दूसरी बार अध्यक्ष चुने गए थे — **त्रिपुरी अधिवेशन में**

✷ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का वह अधिवेशन जिसमें कांग्रेस-अध्यक्ष के चुनाव में सुभाष चंद्र बोस ने पट्टाभि सीतारमैया को पराजित किया था — **त्रिपुरी अधिवेशन, 1939**

✷ सुभाष चंद्र बोस के त्यागपत्र के बाद भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष हुए — **राजेंद्र प्रसाद**

✷ कांग्रेस के त्रिपुरी अधिवेशन के पश्चात, सुभाष चंद्र बोस और दक्षिणपंथी का समस्त झगड़ा जिस प्रश्न पर केंद्रित हो गया, वह था — **कांग्रेस कार्यकारिणी समिति का गठन**

✷ वह भारतीय राष्ट्रवादी नेता जिसने जर्मनी और ब्रिटेन के बीच युद्ध को ऐसे ईश्वर प्रदत्त अवसर के रूप में देखा, जिसमें भारतीयों को उस स्थिति का अपने हित में लाभ उठाने का मौका मिलता — **सुभाष चंद्र बोस**

देशी रियासतें

✷ 1927 की बटलर कमेटी का उद्देश्य था — **भारत सरकार तथा देशी राज्यों के मध्य संबंधों को सुधारना**

✷ ऑल इंडिया स्टेट पीपुल्स कॉन्फ्रेंस का गठन हुआ — **1927 में**

✷ 1939 में भारत प्रजामंडल (ऑल इंडिया स्टेट्स पीपुल्स कॉन्फ्रेंस) के अध्यक्ष थे — **जवाहरलाल नेहरू**

✷ वह भारतीय संघ में रजवाड़ों का विलय अधिकाधिक हुआ— **1947 में**

✷ राज्यों का विलयीकरण जिनके नेतृत्व में हुआ, वे थे — **सरदार पटेल**

✷ अन्य रजवाड़ों के भारत में विलय के बाद भी जिन तीन राज्यों ने भारत में शामिल होना विलंबित किया, वह हैं — **जूनागढ़, हैदराबाद, जम्मू व कश्मीर**

✷ जम्मू एवं कश्मीर भारत का अभिन्न अंग बना — **26 अक्टूबर, 1947 को**

✷ भारतवर्ष के विभाजन के समय, ब्रिटिश-भारत के पंजाब, असम, बंगाल तथा बिहार में से वह प्रांत जिसने एक संयुक्त एवं स्वतंत्र अस्तित्व के लिए योजना सामने रखी — **पंजाब ने**

✷ देशी राज्यों में से 'यथावत' (Stand-Still) समझौते का पक्षधर था — **हैदराबाद**

द्वितीय विश्व युद्ध

- द्वितीय विश्व युद्ध के संबंध में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की नीति थी
  — पूर्ण स्वतंत्रता का आश्वासन मिलने पर ब्रिटेन को सहयोग
- **कथन (S) :** द्वितीय विश्व युद्ध में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अंग्रेजों को सहयोग प्रदान किया था।
  कारण (R) : क्योंकि उन्हें पूर्ण स्वराज्य प्राप्त होने की आशा थी।
  — (S), (R) दोनों असत्य हैं।
- **कथन (A) :** वर्ष 1939 में सभी प्रांतों में कांग्रेस मंत्रिमंडलों ने त्यागपत्र दे दिया।
  कारण (R) : कांग्रेस ने द्वितीय विश्व युद्ध के संदर्भ में वायसराय के जर्मनी के विरुद्ध युद्ध घोषित कर देने के निर्णय को स्वीकार नहीं किया।
  — (A) तथा (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या है (A) की।
- द्वितीय महायुद्ध समाप्त हुआ **— 1945 में**
- द्वितीय विश्व युद्ध के समय ब्रिटेन का प्रधानमंत्री था **— विंस्टन चर्चिल**

पाकिस्तान की मांग

- भारतीय मुसलमानों के पृथक राज्य के लिए पाकिस्तान शब्द का प्रयोग सबसे पहले किया **— चौधरी रहमत अली व उनके मित्रों ने**
- मुसलमानों के लिए पृथक राष्ट्र का विचार दिया था
  — सर मुहम्मद इकबाल ने
- सर्वप्रथम भारत में एक पृथक मुस्लिम राज्य का प्रस्ताव रखा था
  — मुहम्मद इकबाल ने
- पाकिस्तान के अलग राज्य आंदोलन का नेतृत्व किया
  — मुहम्मद अली जिन्ना ने
- मुहम्मद अली जिन्ना को 'हिंदू मुस्लिम एकता का दूत' कहा था
  — सरोजिनी नायडू ने
- कथन, 'नेहरू एक राष्ट्रभक्त हैं, जबकि जिन्ना एक राजनीतिज्ञ हैं' व्यक्त किया गया था : **— सर मोहम्मद इकबाल द्वारा**
- मोहम्मद अली जिन्ना के विषय में सही कथन हैं-
  — वे 'दो राष्ट्र सिद्धांत' के समर्थक थे, उन्होंने 1940 के मुस्लिम लीग के लाहौर के वार्षिक अधिवेशन की अध्यक्षता की थी, असहयोग आंदोलन में उन्होंने भाग नहीं लिया था।
- मुस्लिमों के लिए एक पृथक देश की प्रथम बार एक निश्चित अभिव्यक्ति हुई थी
  — 1930 के मुस्लिम लीग के इलाहाबाद अधिवेशन के इकबाल के अध्यक्षीय भाषण में
- मुस्लिम लीग द्वारा पाकिस्तान की स्थापना की मांग करने वाला प्रस्ताव पारित किया गया **— वर्ष 1940 में**
- वर्ष 1940 में मुस्लिम लीग के अधिवेशन में पाकिस्तान के सृजन का प्रस्ताव रखा था **— खलीकुज्जमां ने**
- मुस्लिम लीग का वार्षिक अधिवेशन, जिसमें जिन्ना के दो राष्ट्र के सिद्धांत को मान्यता दी गई थी, हुआ था **— लाहौर में**
- मुस्लिम लीग ने भारत के विभाजन की मांग का प्रस्ताव अपने अधिवेशन में किया था **— लाहौर में**
- वह तिथि, जब मुस्लिम लीग ने 'पाकिस्तान दिवस' मनाया था
  — 23 मार्च, 1943
- मुस्लिम लीग के लाहौर अधिवेशन (1940) की अध्यक्षता की थी
  — मोहम्मद अली जिन्ना ने

व्यक्तिगत सत्याग्रह (1940)

- 'व्यक्तिगत सत्याग्रह' में विनोबा भावे को प्रथम सत्याग्रही चुना गया था। दूसरे थे **— पंडित जवाहरलाल नेहरू**
- 'सर्वोदय' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किया था **— महात्मा गांधी ने**

क्रिप्स मिशन (1942)

- भारत में क्रिप्स मिशन आया **— 1942 में**
- ब्रितानिया सरकार के प्रस्तावों की प्रारूप घोषणा जो सर स्टैफोर्ड क्रिप्स लाए थे, में सम्मिलित थे
  — भारत को एक डोमिनियन स्थिति दी जानी चाहिए; सब प्रांतों और राज्यों को मिलाकर एक भारतीय संघ होना चाहिए; कोई भी प्रांत या भारतीय राज्य भारतीय संघ के बाहर रहने का निर्णय ले सकता है; भारत का संविधान भारत की जनता द्वारा निर्मित किया जाए
- 1942 के क्रिप्स मिशन का एक महत्वपूर्ण पहलू था
  — द्वितीय विश्व युद्ध के तुरंत पश्चात भारत संघ की स्थापना करना और उसे डोमिनियन पद प्रदान करना
- युद्ध समाप्त होने पर डोमिनियन दर्जा, संविधान सदन द्वारा निर्मित संविधान मान्य, कोई भी सूबा भारतीय संघ से बाहर रह सकता था
  — क्रिप्स मिशन के संबंध में सही है
- वह जिनकी दृष्टि में ''क्रिप्स प्रस्ताव एक टूटते हुए बैंक के नाम एक उत्तर-दिनांकित चेक'' (Post-dated cheque upon a crashing bank) था **— महात्मा गांधी की**
- वह प्रधानमंत्री जिसने भारत में क्रिप्स मिशन भेजा **— विंस्टन चर्चिल**
- क्रिप्स मिशन के साथ कांग्रेस के आधिकारिक वार्ताकार थे
  — पंडित जवाहरलाल नेहरू एवं मौलाना आजाद
- गांधीजी के आंदोलनों को 'राजनैतिक फिरौती' कहा
  — लॉर्ड लिनलिथगो ने

भारत छोड़ो आंदोलन

✷ 6 जुलाई, 1942 को वर्धा में महात्मा गांधीजी ने कांग्रेस की कार्यकारी समिति में अपने 'भारत छोड़ो आंदोलन' की चर्चा की, तब उस समिति के अध्यक्ष थे **— मौलाना अबुल कलाम आजाद**

✷ 14 जुलाई, 1942 को कांग्रेस कार्यसमिति द्वारा 'भारत छोड़ो आंदोलन' का प्रस्ताव पारित किया गया **— वर्धा में**

✷ भारत छोड़ो आंदोलन के समय भारत का प्रधान सेनापति था **— लॉर्ड वेवेल**

✷ भारत छोड़ो आंदोलन प्रारंभ हुआ **— 9 अगस्त, 1942 को**

✷ 'भारत छोड़ो आंदोलन' का प्रस्ताव बंबई के जिस मैदान में पारित किया गया, वह है **— ग्वालिया टैंक**

✷ भारत छोड़ो आंदोलन प्रारंभ करने के पूर्व दिन महात्मा गांधी ने– **— राजसी रियासतों के राजाओं को अपनी जनता की प्रभुसत्ता स्वीकार करने को कहा।**

✷ यह कथन, ''हम भारत को या तो आजाद करेंगे या आजादी के प्रयास में दिवंगत होंगे।'' जुड़ा है **— भारत छोड़ो आंदोलन से**

✷ 'करो या मरो' का नारा दिया **— महात्मा गांधी ने**

✷ 'करो या मरो' का संबंध है **— भारत छोड़ो आंदोलन से**

✷ बलदेव सहाय ने महाधिवक्ता के पद से त्यागपत्र दिया **— 1942 में**

✷ भारत छोड़ो आंदोलन प्रारंभ किया गया **— क्रिप्स प्रस्ताव की प्रतिक्रिया में**

✷ 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के संबंध में सत्य है **— यह आंदोलन स्वतः प्रवर्तित था, इसने सामान्य श्रमिक वर्ग को आकर्षित नहीं किया था**

✷ भारत छोड़ो आंदोलन का नेतृत्व किया था **— महात्मा गांधी ने**

✷ हिंदू महासभा,कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया एवं यूनियनिस्ट पार्टी ऑफ पंजाब में से 'भारत छोड़ो आंदोलन' का समर्थन नहीं किया था **— उपर्युक्त सभी पार्टियों ने**

✷ ए.के. आजाद, राजेंद्र प्रसाद, सरदार वल्लभभाई पटेल तथा जवाहरलाल नेहरू में से 1942 में 'भारत छोड़ो प्रस्ताव' का समर्थन किया था **— सरदार वल्लभभाई पटेल ने**

✷ 1942 में कांग्रेस के बंबई अधिवेशन में 'भारत छोड़ो' प्रस्ताव प्रस्तावित किया था **— जवाहरलाल नेहरू ने**

✷ 'भारत छोड़ो' प्रस्ताव का आलेख्य बनाया था **— महात्मा गांधी ने**

✷ जब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 'भारत छोड़ो' आंदोलन प्रस्ताव पारित किया, कांग्रेस अध्यक्ष थे **— मौलाना अबुल कलाम आजाद**

✷ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के लगातार छः वर्षों तक अध्यक्ष थे **— अबुल कलाम आजाद**

✷ 'भारत छोड़ो आंदोलन' फल था **— क्रिप्स के प्रस्तावों से भारतीयों के नैराश्य का भारत पर जापानी आक्रमण की धमकी का ए.आई.सी.सी. द्वारा अगस्त, 1942 में एक प्रस्ताव पारित करने का**

✷ 'भारत छोड़ो' आंदोलन के समय 'कांग्रेस रेडियो' का प्रसारण किया **— उषा मेहता ने**

✷ कांग्रेस रेडियो पर भारत छोड़ो आंदोलन की अवधि में नियमित रूप से कार्यक्रम प्रसारित करता थे **— राम मनोहर लोहिया**

✷ भारत छोड़ो आंदोलन के समय इंग्लैंड के प्रधानमंत्री थे **— चर्चिल**

✷ अमेरिकी पत्रकार, जो महात्मा गांधी के 'भारत छोड़ो आंदोलन' के दौरान उनके साथ थे, का नाम था **— लुई फिशर**

✷ महात्मा गांधी का जीवनीकार लुई फिशर था **— एक अमेरिकी पत्रकार**

✷ भारत छोड़ो आंदोलन से उत्पन्न दंगे सबसे अधिक व्यापक रहे **— बिहार तथा संयुक्त प्रांत में**

✷ **कथन (A) :** लॉर्ड लिनलिथगो ने 1942 के अगस्त आंदोलन को, सिपाही विद्रोह के बाद, सर्वाधिक गंभीर विद्रोह कहा था।
कारण (R) :कुछ क्षेत्रों में किसान व्यापक जनांदोलन में उठ खड़े हुए थे।
— (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

✷ डॉ. राजेंद्र प्रसाद को 9 अगस्त, 1942 को गिरफ्तार करके भेजा गया **— बांकीपुर जेल**

✷ भारत छोड़ो आंदोलन के संदर्भ में महात्मा गांधी को बंदी बनाया गया **— बंबई में**

✷ भारत छोड़ो प्रस्ताव पारित होने के बाद गांधीजी को कैद किया गया था **— आगा खां पैलेस में**

✷ 9 अगस्त, 1942 को जिन दो नेताओं (हजारीबाग में) को गिरफ्तार किया गया, वे थे **— शिवकुमार और रामानंद**

✷ महात्मा गांधी तथा उनके सहयोगियों की 1942 में हुई धरपकड़ से बिहार में बहुत दंगे हुए। इसमें रेल सेवा पूर्ण रूप से ठप्प हो गई। उसमें अधिकतम प्रभावित जिला था **— मुंगेर**

✷ जयप्रकाश नारायण को राष्ट्रीय स्तर के नेता की पहचान मिली **— भारत छोड़ो आंदोलन के संदर्भ में**

✷ 'भारत छोड़ो आंदोलन' के दौरान जेल से फरार होकर भूमिगत गतिविधियों को संगठित किया था **— जयप्रकाश नारायण ने**

✷ 7 दिसंबर, 1942 को श्री योगेंद्र शुक्ल लाए गए **— पटना में**

✷ श्री जगत नारायण लाल की पत्नी का नाम था **— श्रीमती रामप्यारी**

✷ **कथन (A) :** भारत छोड़ो आंदोलन से लोगों को जाग्रत करने और साहस दिलाने में सफलता मिली।
कारण (R) : 'करो या मरो' का नारा लोगों के मन में प्रवेश कर गया।
— (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।

✷ **कथन (A) :**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन से पृथक रहा।
कारण (R) :इसका विचार था कि इस आंदोलन से भारत की स्वतंत्रता में देर होगी।
— (A) सत्य है, परंतु (R) असत्य है।

कथन (A) :भारत छोड़ो आंदोलन के परिणामस्वरूप अंग्रेज और मुसलमान कांग्रेस के प्रति समान घृणा के कारण एक-दूसरे के नजदीक आ गए।
कारण (R) :जिन्ना ने ब्रिटिश सरकार के पक्के सहयोगी की तरह कार्य किया और मुसलमानों को 1942 के कांग्रेस आंदोलन से दूर रहने के लिए कहा।
— (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।

✷ स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जिस आंदोलन में अरुणा आसफ़ अली भूमिगत क्रिया कलाप की प्रमुख महिला संगठक थीं
— भारत छोड़ो आंदोलन में

✷ आंदोलन, जिसके साथ अरुणा आसफ अली जुड़ी हैं
— भारत छोड़ो आंदोलन

✷ 'भारत छोड़ो आंदोलन' में समांतर सरकारों की स्थापना की गई थी
— बलिया तथा सतारा में

✷ **कथन (A) :** 'भारत छोड़ो आंदोलन' भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन की पराकाष्ठा थी।
कारण (R) : 'भारत छोड़ो आंदोलन' के पश्चात शक्ति हस्तांतरण की प्रक्रिया की खोज समय का तकाजा थी।
— (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

✷ भारत छोड़ो आंदोलन के उपरांत, सी. राजगोपालाचारी ने ''दी वे आउट'' नामक पैम्फलेट जारी किया। ब्रिटिश भारत तथा भारतीय राज्यों के प्रतिनिधियों को मिलाकर एक ''युद्ध सलाहकार परिषद'' की स्थापना। केंद्रीय कार्यकारी परिषद का इस प्रकार पुनर्गठन कि गवर्नर जनरल तथा कमांडर-इन-चीफ के अतिरिक्त अन्य सभी सदस्य भारतीय नेता हों।केंद्रीय तथा प्रांतीय विधानमंडलों के 1945 के अंत में नए चुनाव कराए जाए तथा संविधान का निर्माण करने वाले निकाय को यथासंभव शीघ्र आयोजित किया जाए।संवैधानिक गतिरोध का हल। में से एक प्रस्ताव इस पैम्फलेट में था **— संवैधानिक गतिरोध का हल**

सुभाष चंद्र बोस और आजाद हिंद फौज

✷ नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म हुआ था **— कटक में**

✷ सुभाष चंद्र बोस ने 'फारवर्ड ब्लॉक' की स्थापना की थी
— 1939 ई. में

✷ आई.एन.ए. दिमाग की उपज थी और इसकी स्थापना की
— मोहन सिंह ने

✷ आई.एन.ए. मानसिक पुत्र था
— ज्ञानी प्रीतम सिंह तथा मेजर आईवाची फूजीवारा का

✷ भारतीय राष्ट्रीय सेना (I.N.A.) की स्थापना हुई **— 1942 में**

✷ ''आजाद हिंद फौज'' के प्रथम सेनापति थे **— मोहन सिंह**

✷ सुभाष चंद्र बोस ने स्वतंत्र भारत की अंतरिम सरकार की स्थापना की घोषणा की थी **— 21 अक्टूबर, 1943 को**

✷ 1943 में आजाद हिंद फौज अस्तित्व में आई **— तत्कालीन मलाया में**

✷ सुभाष चंद्र बोस को इंडियन नेशनल आर्मी के गठन में सक्रिय सहयोग दिया था **— रास बिहारी बोस ने**

✷ 'आजाद हिंद फौज' का प्रधान कार्यालय स्थित था **— रंगून में**

✷ ''तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा'', कथन है
— सुभाष चंद्र बोस का

✷ 'द फ्री इंडियन लीज़न' नामक सेना बनाई **— सुभाष चंद्र बोस ने**

✷ 'रानी लक्ष्मीबाई रेजीमेंट' की स्थापना की **— सुभाष चंद्र बोस ने**

✷ सुभाष चंद्र बोस को 'देश नायक' कहा था **— रबींद्रनाथ टैगोर ने**

✷ 'जय हिंद' नारा दिया था **— सुभाष चंद्र बोस ने**

✷ 'आज़ाद हिंद फौज दिवस' मनाया गया था**— 12 नवंबर, 1945 को**

✷ आजाद हिंद फौज के सैनिक को 7 वर्ष के कारावास का दंड दिया गया
— राशिद अली द्वारा

✷ गुरदयाल सिंह, प्रेम सहगल, मोहन सिंह, शाहनवाज़ में से आजाद हिंद फौज का वह अधिकारी जिसने लाल किले पर चलाए गए मुकदमे का सामना नहीं किया **— मोहन सिंह ने**

✷ 1945 में आज़ाद हिंद फौज की ओर से लाल किले के मुकदमे में पैरवी कर रहे वकीलों की अध्यक्षता की **— भूलाभाई देसाई ने**

✷ वर्ष 1945 में आजाद हिंद फौज के लाल किले में दिल्ली के मुकदमे की पैरवी भूलाभाई देसाई, पंडित जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल तथा डॉ. कैलाश नाथ काटजू में से नहीं की थी
— सरदार वल्लभभाई पटेल ने

✷ इलाहाबाद में संपन्न कांग्रेस कार्यकारिणी समिति की बैठक में, भारत के नाजीवाद, फासीवाद तथा साम्राज्यवाद विरोधी निश्चित रुख के कारण जापान के विरुद्ध गुरिल्ला युद्ध की अपनी योजना के पक्ष में बहुमत जुटाने में सक्षम हुए **— जवाहरलाल नेहरू**

कैबिनेट मिशन योजना (1946)

✷ कैबिनेट मिशन की अध्यक्षता की गई **— सर पी. लॉरेंस द्वारा**

✷ द्वितीय विश्व युद्ध के बाद 1946 में भारत आया था
— कैबिनेट मिशन

✷ भारत के लिए त्रिस्तरीय शासन व्यवस्था का प्रस्ताव किया था
— कैबिनेट मिशन ने

✷ 1946 का कैबिनेट मिशन तीन कैबिनेट मंत्रियों से गठित था। लॉर्ड पेंथिक लॉरेंस, ए.वी. अलेक्जेंडर, सर स्टैफोर्ड क्रिप्स तथा लॉर्ड एमरी में से इसका सदस्य नहीं था **— लॉर्ड एमरी**

✷ इसका प्रस्ताव मई में आया। इसमें अभी भी भारत को विभाजन मुक्त रखने की आकांक्षा थी जिसका ब्रिटिश प्रांतों से मिलकर बने एक संघीय राज्य का स्वरूप होना था-उपर्युक्त उद्धरण का संबंध है **— कैबिनेट मिशन से**

✷ कैबिनेट मिशन योजना के विषय में प्रांतीय समूहीकरण, भारतीय सदस्यों वाला अंतरिम मंत्रिमंडल, पाकिस्तान की स्वीकृति तथा संविधान निर्माण का अधिकार में से सही नहीं है **— पाकिस्तान की स्वीकृति**

✷ वह जिसने वायसराय की एक्जीक्यूटिव काउंसिल के पुनर्गठन का सुझाव दिया, जिसमें वॉर मेंबर सहित सभी विभाग भारतीय नेताओं द्वारा धारण किए जाने थे **— कैबिनेट मिशन 1946**

✷ कैबिनेट मिशन के संदर्भ में, सही है
— इसने एक संघीय सरकार के लिए सिफारिश की।

✷ महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल तथा मौलाना अबुल कलाम आजाद में से कांग्रेस का वह नेता जो कैबिनेट मिशन योजना के पक्ष में पूरी तरह से था **— महात्मा गांधी**

✷ वह कांग्रेस अध्यक्ष जिसने क्रिप्स मिशन व लॉर्ड वेवेल दोनों से वार्ताएं कीं **— अबुल कलाम आजाद**

✷ कैबिनेट मिशन के भारत आगमन के समय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष थे **— मौलाना अबुल कलाम आजाद**

संविधान सभा (1946)

✷ स्वतंत्र भारत के लिए संविधान की रचना हेतु संविधान सभा का विचार सर्वप्रथम प्रस्तुत किया था **— कांग्रेस पार्टी ने 1936 में**

✷ संविधान सभा, जिसने भारतीय संविधान का निर्माण किया, का गठन किया गया था **— कैबिनेट मिशन प्लान के अंतर्गत**

✷ कैबिनेट मिशन योजना के अंतर्गत संविधान निर्मात्री परिषद में प्रत्येक प्रांत को आवंटित सदस्य संख्या निर्धारित करने के लिए एक प्रतिनिधि जनसंख्या के अनुपात में था **— 10 लाख व्यक्ति**

✷ संविधान सभा का पहला सत्र हुआ था **— 9 दिसंबर, 1946 को**

✷ भारतीय संविधान सभा के अध्यक्ष थे **— डॉ. राजेंद्र प्रसाद**

✷ भारतीय उपनिवेश के लिए प्रभुसत्तासंपन्न संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष थे **— राजेंद्र प्रसाद**

✷ 1. वर्ष 1946 में प्रांतीय सभाओं द्वारा भारत की संविधान सभा चुनी गई।
2. जवाहरलाल नेहरू, एम.ए. जिन्ना और सरदार वल्लभभाई पटेल भारत की संविधान सभा के सदस्य थे।
3. भारत की संविधान सभा (Constitutional Assembly) का प्रथम अधिवेशन (First Session) जनवरी, 1947 में हुआ।
4. भारत का संविधान 26 जनवरी, 1950 को अंगीकृत (Adopted) किया गया। में से एक सही है
— केवल-1

✷ सच्चिदानंद सिन्हा जुड़े थे **— भारत छोड़ो आंदोलन से**

✷ ब्रिटिश युग की केंद्रीय लेजिस्लेटिव असेम्बली तथा स्वतंत्र भारत की संसद में अध्यक्ष का पद संभाला **— जी.वी. मावलंकर ने**

अंतरिम सरकार का गठन (1946)

✷ पं. जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में अंतरिम सरकार का गठन हुआ था
— सितंबर, 1946 में

✷ 1946 में बनी अंतरिम सरकार में डॉ. राजेंद्र प्रसाद के पास विभाग था
– खाद्य तथा कृषि

✷ अंतरिम सरकार (1946) में रेल मंत्रालय का कार्य देखते थे
— आसफ अली

✷ जब 1946 में भारतीय मुस्लिम लीग को अंतरिम सरकार में सम्मिलित किया गया, तब लियाकत अली खां को जो विभाग दिया गया, वह था
— वित्त

✷ जवाहरलाल नेहरू, बलदेव सिंह, अली जहीर तथा बी.आर. अम्बेडकर में से 'अंतरिम सरकार' के सदस्य' नहीं थे **— बी.आर. अम्बेडकर**

✷ जवाहरलाल नेहरू, लियाकत अली खां, अबुल कलाम आज़ाद तथा डॉ. राजेंद्र प्रसाद में से सितंबर 2, 1946 को गठित अंतरिम सरकार में मंत्री नहीं थे **— अबुल कलाम आज़ाद**

✷ 1946 के चुनाव के पश्चात मुस्लिम लीग ने अपनी सरकार बनाई
— बंगाल में

✷ मुस्लिम लीग ने ''सीधी कार्यवाही दिवस'' हेतु तिथि सुनिश्चित की थी
— 16 अगस्त, 1946

भारत का विभाजन एवं स्वतंत्रता

✷ जब भारत को स्वतंत्रता प्राप्त हुई थी उस समय यू.के. में जिस पार्टी की सत्ता थी **— लेबर पार्टी की**

✷ भारत के स्वतंत्र होते समय इंग्लैंड का प्रधानमंत्री था
— क्लीमेंट एटली

✷ ब्रिटिश सरकार ने जून, 1948 तक भारत छोड़ने की घोषणा की थी
– फरवरी, 1947 में

✷ लॉर्ड माउंटबेटन वायसराय के रूप में भारत आए
— यथासंभव भारत को संयुक्त रखने की विशेष हिदायत के साथ

✷ भारतीय स्वतंत्रता का आधार बनी **— माउंटबेटन योजना**

✷ माउंटबेटन योजना आधार बनी **— देश के विभाजन की**

✷ 'भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम' (द इंडियन इंडिपेंडेंस एक्ट) ब्रिटिश संसद द्वारा पारित किया गया **— जुलाई, 1947 में**

✷ भारत के विभाजन से संबंधित 'माउंटबेटन योजना' की सरकारी तौर पर घोषणा हुई थी **— 3 जून, 1947 को**

✷ **कथन (A) :** अंग्रेजों ने भारत को 1947 में स्वतंत्रता प्रदान कर दी।
कारण (R) : अंग्रेज द्वितीय विश्व युद्ध में निर्बल हो चुके थे।
— (A) तथा (R) दोनों सही हैं किंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

✷ **कथन (A) :** स्वतंत्र भारत में ब्रिटेन की प्रभुता बनी रही।
कारण (R) : स्वतंत्र भारत के गवर्नर जनरल की नियुक्ति ब्रिटेन के प्रभुतासंपन्न शासक ने की।
— (A) गलत है, परंतु (R) सही है।

✷ भारतीय स्वाधीनता विधेयक को राजकीय स्वीकृति प्राप्त हुई थी **— 18 जुलाई, 1947 को**

✷ भारत के विभाजन का बाल्कन प्लान (Balkan Plan) उपज था **— लॉर्ड माउंटबेटन के मस्तिष्क का**

✷ 1947 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस देश के विभाजन के लिए मुख्य रूप से इसलिए सहमत हुई, क्योंकि
— वे बड़े पैमाने पर संभावित सांप्रदायिक दंगों को बचाना चाहते थे

✷ **कथन (A) :** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने माउंटबेटन योजना को स्वीकार किया।
कारण (R) : वह द्वि-राष्ट्र सिद्धांत को मानती थी।
— (A) सही है, परंतु (R) गलत है।

✷ भारत के विभाजन के विकल्प के रूप में गांधीजी ने माउंटबेटन को सुझाया था कि वे— **जिन्ना को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करें।**

✷ रैडक्लिफ समिति नियुक्त की गई थी
— भारत और पाकिस्तान के बीच सीमाओं को निर्धारित करने के लिए

✷ भारत विभाजन के संदर्भ में 1947 में नियुक्त सीमा आयोग की अध्यक्षता की थी **— रेडक्लिफ ने**

✷ भारत के विभाजन को टालने का अंतिम अवसर समाप्त हो गया था **— कैबिनेट मिशन को अस्वीकार करने के साथ ही**

✷ 14 जून, 1947 को कांग्रेस के दिल्ली अधिवेशन में भारत के विभाजन का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ। इस अधिवेशन के अध्यक्ष थे **— आचार्य जे.बी. कृपलानी**

✷ नई दिल्ली में 1947 में आयोजित अखिल भारतीय कांग्रेस समिति की बैठक में गोविंद वल्लभ पंत, सरदार वल्लभभाई पटेल, जे.बी. कृपलानी तथा अबुल कलाम आज़ाद में से विभाजन के प्रस्ताव का समर्थन किया था **— अबुल कलाम आज़ाद ने**

✷ 1947 के कांग्रेस कमेटी की बैठक द्वारा विभाजन के प्रस्ताव के पारित होने को 'राष्ट्रवाद का संप्रदायवाद के पक्ष में समर्पण' के रूप में लिया **— डॉ. किचलू ने**

✷ सन् 1947 के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के दिल्ली अधिवेशन की अध्यक्षता की **— जे.बी. कृपलानी ने**

✷ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की 14 जून, 1947 को संपन्न हुई बैठक में भारत-विभाजन के विपक्ष में मतदान किया था **— खान अब्दुल गफ्फार खां ने**

✷ 14/15 अगस्त, 1947 की मध्य रात्रि को अंतरिम संसद के रूप में सत्ता ग्रहण की **— संविधान सभा**

✷ 14/15 अगस्त, 1947 की मध्य रात्रि केंद्रीय असेम्बली में इकबाल का गीत 'हिंदोस्तां हमारा' तथा 'जन-गण-मन' गाया **— एम.एस. सुब्बालक्ष्मी ने**

✷ पहले अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री की नियुक्ति की थी **— गवर्नर जनरल ने**

✷ स्वतंत्र भारत के प्रथम गवर्नर जनरल थे **— लॉर्ड माउंटबेटन**

✷ स्वतंत्र भारत का अंतिम गवर्नर जनरल था **— सी. राजगोपालाचारी**

✷ स्वतंत्र भारत के पहले भारतीय गवर्नर जनरल थे **— राजगोपालाचारी**

✷ भारत के प्रथम एवं अंतिम भारतीय गवर्नर जनरल थे **— सी. राजगोपालाचारी**

✷ भारत का अंतिम वायसराय था **— लॉर्ड माउंटबेटन**

✷ स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि मंत्री थे **— बी.आर. अम्बेडकर**

✷ बिल्कुल प्रारंभ से भारत के राष्ट्रपति के पद पर आसीन व्यक्तियों का सही क्रम है **—राजेंद्र प्रसाद, एस. राधाकृष्णन, जाकिर हुसैन, वी.वी. गिरि**

✷ लॉर्ड माउंटबेटन की अध्यक्षता में बनी विभाजन परिषद में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रतिनिधित्व किया था **— जवाहरलाल नेहरू तथा सरदार पटेल ने**

✷ भारत के विभाजन के समय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष थे **— जे.बी. कृपलानी**

✷ 15 अगस्त, 1947 को राजेंद्र प्रसाद, जवाहरलाल नेहरू, जे.बी. कृपलानी तथा सरदार पटेल में से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष था **— जे.बी. कृपलानी**

✷ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 1946 में मेरठ में आयोजित अधिवेशन की अध्यक्षता की थी **— जे.बी. कृपलानी ने**

✷ अगस्त, 1947 में स्वतंत्रता दिवस के समारोहों में कहीं भी सम्मिलित नहीं हुए **— महात्मा गांधी**

✷ संविधान को 26 जनवरी के दिन लागू करने का निर्णय इसलिए किया गया, क्योंकि
— कांग्रेस ने इस तिथि को 1930 में स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया था

✷ ''भारतीय राष्ट्रवाद ब्रिटिश राज का शिशु था।'' यह कथन है **— आर. कोपलैंड का**

✷ ''ब्रिटिश शासन की सबसे अधिक महत्वपूर्ण उपलब्धि भारत का एकीकरण था'' कहा है **— के.एम. पणिक्कर ने**

भारत का संवैधानिक विकास

✷ रेग्युलेटिंग एक्ट पारित किया गया — **1773 में**

✷ प्रथम बार गवर्नर जनरल ऑफ बंगाल के पद हेतु प्राविधान किया गया था **रेग्यूलेटिंग अधिनियम, 1773**

✷ रेग्युलेटिंग एक्ट के प्रावधानों के अंतर्गत, बिहार के लिए एक प्रांतीय सभा की स्थापना हुई — **1774 में**

✷ भारत में सर्वप्रथम सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना हुई **— रेग्युलेटिंग अधिनियम, 1773**

✷ ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा स्थापित उच्चतम न्यायालय के प्रथम मुख्य न्यायाधीश थे **— एलिजाह इम्पे**

✷ भारत के गवर्नर जनरल को एक्ट के द्वारा अपनी समिति के निर्णय को अस्वीकार करने का अधिकार मिला **— 1786 ई. का एक्ट**

✷ अधिनियम जिसके तहत लॉर्ड कार्नवालिस को अपनी काउंसिल के फैसलों को रद्द करने का अधिकार मिला था **— 1786 का एक्ट**

✷ 1793 में एक विनियम द्वारा जिला कलेक्टर को उसकी न्यायिक शक्तियों से वंचित कर दिया गया और केवल संग्राहक अभिकर्ता बना दिया गया। ऐसे विनियमन का कारण था

— लॉर्ड कॉर्नवालिस जिला कलेक्टर में संकेंद्रित इतनी विस्तृत शक्ति से सतर्क हो गया था और महसूस करता था कि एक व्यक्ति में इतनी परम शक्ति का होना अवांछनीय है।

✷ भारतीय व्यापार में ईस्ट इंडिया कंपनी का एकाधिकार समाप्त किया गया **— 1813 में**

✷ चार्टर अधिनियम 1813 भारत के लिए महत्वपूर्ण समझे जाने का एक कारण है

— इसके द्वारा भारतीयों की शिक्षा के लिए वित्तीय प्रावधान किया गया।

✷ चार्टर एक्ट, 1833 में ईस्ट इंडिया कंपनी की व्यापारिक गतिविधियों का समापन, काउंसिल में परम सत्ताधिकारी के पदनाम को भारत के गवर्नर जनरल के पदनाम में बदलना, काउंसिल में तथा गवर्नर जनरल को विधिकर्ता की सभी शक्तियां प्रदान करना तथा गवर्नर जनरल की काउंसिल में विधि सदस्य के रूप में एक भारतीय की नियुक्ति प्रावधानों में से एक नहीं था

— गवर्नर जनरल की काउंसिल में विधि सदस्य के रूप में एक भारतीय की नियुक्ति

✷ 'लोक सेवाओं की परीक्षा इंग्लैंड तथा भारत में एक साथ करने की संस्तुति की गई थी **— मांटेग्यू चेम्सफोर्ड रिपोर्ट द्वारा**

✷ नागरिक सेवाओं के लिए प्रतियोगी परीक्षा प्रणाली को सिद्धांततः स्वीकार किया गया — **1853 में**

✷ पहली बार भारत में एक क्रियाशील विधान परिषद का सृजन किया **— चार्टर एक्ट, 1853 द्वारा**

✷ ब्रिटिश सरकार अंतिम रूप से भारत एवं इंग्लैंड में एक ही समय साथ-साथ इंडियन सिविल सर्विसेज (आई.सी.एस.) की परीक्षा आयोजित करने हेतु सहमत हुई थी — **1922 में**

✷ सही सुमेलित है–

सूची-I		सूची-II
नियंत्रण परिषद की स्थापना	–	पिट का भारतीय अधिनियम, 1784
सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना	–	नियामक अधिनियम, 1773
ईसाई मिशनरियों को भारत में कार्य करने की अनुमति	–	चार्टर अधिनियम, 1813
गवर्नर जनरल परिषद में कानूनी सदस्य की नियुक्ति	–	चार्टर अधिनियम, 1833

✷ सही सुमेलित है–

सूची-I (भारत की उपनिवेशीय)		सूची-II (सरकार के अधिनियम प्रावधान)
चार्टर एक्ट, 1813	–	भारत में कंपनी का व्यापार एकाधिकार समाप्त कर दिया गया
रेग्युलेटिंग एक्ट, 1773	–	कंपनी के निदेशकों को कंपनी के प्रबंध से संबंधित सभी पत्राचार और दस्तावेज ब्रिटिश सरकार को प्रस्तुत करने को कहा गया
एक्ट ऑफ 1858	–	शासन का अधिकार ईस्ट इंडिया कंपनी से ब्रिटिश क्राउन को हस्तांतरित कर दिया गया
पिट्स इंडिया एक्ट, 1784	–	भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी के कार्यों को पूरी तरह विनियमित करने के लिए ब्रिटेन में एक बोर्ड ऑफ कंट्रोल स्थापित करना

✷ बोर्ड ऑफ कंट्रोल की स्थापना जिस अधिनियम के अंतर्गत की गई **— पिट्स इंडिया अधिनियम, 1784**

✷ ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने चाय के व्यापारिक एकाधिकार को खो दिया **— 1833 के चार्टर एक्ट द्वारा**

✷ भारत का शासन ईस्ट इंडिया कंपनी से क्राउन को स्थानांतरित किया गया **— 1858 के भारत सरकार अधिनियम के अंतर्गत**

✷ सही कथन है-

— गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट, 1858 के अंतर्गत ब्रिटिश संसद ने ईस्ट इंडिया कंपनी को पूर्णतः समाप्त कर भारत में सीधा शासन करने का उत्तरदायित्व ग्रहण किया

✷ भारत के गवर्नर जनरल को अध्यादेश जारी करने की शक्ति प्रदान की गई **— इंडियन काउंसिल्स एक्ट, 1861 द्वारा**

✷ अधिनियम जिसमें सामूहिक कार्यचालन के स्थान पर ''विभाग'' या विभागीय पद्धति द्वारा वायसराय की कार्यकारी परिषद पर उनके प्राधिकार को और बल प्रदान किया **— इंडियन काउंसिल एक्ट, 1861**

✷ भारतीय विधान परिषद को बजट पर बहस करने की शक्ति प्राप्त हुई
— भारतीय परिषद अधिनियम, 1892 द्वारा

✷ अंग्रेजों ने भारत में सर्वप्रथम परोक्ष निर्वाचन प्रणाली की शुरुआत की
— 1892 में

✷ भारत में मीडिया को नियंत्रित करने के लिए 'एक्ट' लिए गए थे
— 1835, 1867, 1878, 1908

✷ बॉम्बे, मद्रास और कलकत्ता में उच्च न्यायालयों की स्थापना हुई
— 1861 में

✷ भारत में ब्रिटेन के सभी संवैधानिक प्रयोगों में से सबसे कम समय तक चला **— 1909 का इंडियन काउंसिल एक्ट**

✷ 20 अगस्त, 1917 के सुधारों की घोषणा को जाना जाता है
— मांटेग्यू घोषणा के नाम से

✷ मांटेग्यू-चेम्सफोर्ड की रिपोर्ट
— भारत सरकार अधिनियम, 1919 का आधार बनी

✷ प्रांतों में द्वैध शासन प्रणाली (Dyarchy) अधिनियम के अंतर्गत लागू की गई थी **— 1919 में**

✷ मांटेग्यू-चेम्सफोर्ड प्रस्ताव संबंधित थे **— सांविधानिक सुधार से**

✷ भारत सरकार अधिनियम, 1919 ने स्पष्ट रूप से परिभाषित किया
— केंद्रीय एवं प्रांतीय सरकारों की अधिकारिता को

✷ द्वैध शासन प्रणाली लागू करने वाला एक्ट आया था **— 1919 में**

✷ यह अधिनियम मार्ले-मिंटो सुधार अधिनियम के नाम से भी जाना जाता है; इस अधिनियम में केंद्रीय एवं प्रांतीय विषयों को अलग कर दिया गया था; भारत सरकार अधिनियम, 1919, 1921 में लागू हुआ तथा मांटेग्यू भारत के राज्य सचिव एवं लॉर्ड चेम्सफोर्ड भारत के वायसराय थे। भारत सरकार अधिनियम 1919 के बारे में असत्य कथन है
— यह अधिनियम मार्ले-मिंटो सुधार अधिनियम के नाम से भी जाना जाता है।

✷ **कथन (A)** :भारत सरकार अधिनियम, 1919 के प्रवर्तन के साथ शासन का ढांचा और उसकी विशेषताएं एकात्मक और केंद्रीय ही रहीं।
कारण (R) :सत्ता का एक बड़ा भाग प्रांतों को प्रत्यायोजित किया गया था।
—(A) और (R) दोनों सही हैं, परंतु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

✷ **कथन (A)** : द्विशासन का अर्थ प्रशासन के विषयों का दो वर्गों में विभाजन था।
कारण (R) : प्रांतों में उत्तरदायी शासन के बोध का प्रवर्तन कराने का प्रयत्न किया गया था।
— दोनों (A) और (R) सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।

✷ भारत सरकार अधिनियम, 1935 आधारित था
— साइमन कमीशन रिपोर्ट पर

✷ 1935 के भारत सरकार अधिनियम की विशेषताएं थी
— गवर्नरी प्रांतों में द्वैध शासन की समाप्ति (Abolition of Diarchy in States); गवर्नरों को विधायी क्रियाओं में निषेधाधिकार (वीटो) की शक्ति तथा स्वयं द्वारा विधि बनाना

✷ भारत सरकार अधिनियम, 1935 ने समाप्त की
— प्रांतीय द्वैध शासन व्यवस्था को

✷ गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट, 1935 में
— प्रांतीय स्वशासन का उपबंध था; एक संघीय न्यायालय (फेडरल कोर्ट) की स्थापना का उपबंध था।; केंद्र में अखिल भारत संघ का उपबंध था।

✷ 1935 का गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट महत्वपूर्ण है
— यह भारतीय संविधान का प्रमुख स्रोत है

✷ 1935 के भारत सरकार अधिनियम की केंद्र में, साथ ही साथ राज्यों में द्वैध शासन, द्विसदनी विधानमंडल, प्रांतीय स्वायत्तता तथा एक अखिल भारतीय संघ में से एक वैशिष्ट्-युक्त नहीं है
— केंद्र में, साथ ही साथ राज्यों में द्वैध शासन

✷ 1935 के भारत अधिनियम द्वारा प्रस्तावित फेडरल यूनियन में राजसी प्रांतों को शामिल करने के पीछे अंग्रेजों की असली मंशा थी—राष्ट्रवादी नेताओं के साम्राज्यवाद-विरोधी सिद्धांतों को व्यर्थ करने के लिए राजाओं का इस्तेमाल करना

✷ 1935 के अधिनियम के बारे में कहा था, ''एक कार जिसमें ब्रेक तो है पर इंजन नहीं'' **— जवाहरलाल नेहरू ने**

✷ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अपने अधिवेशन में भारत सरकार अधिनियम, 1935 को अस्वीकार किया था **— लखनऊ अधिवेशन, 1936 में**

✷ भारत सरकार अधिनियम, 1935 को ''गुलामी का अधिकार-पत्र'' कहा था **— जवाहरलाल नेहरू ने**

✷ भारत सरकार अधिनियम, 1935 में अंतर्विष्ट 'अनुदेश-प्रपत्र (इंस्ट्रूमेंट ऑफ इंस्ट्रक्शंस)'' को वर्ष 1950 में भारत के संविधान में समाविष्ट किया गया **— राज्य की नीति के निदेशक तत्व के रूप में**

✷ यह कहा—'मुझे इस आरोप के संबंध में कोई क्षमा नहीं मांगनी है कि संविधान के प्रारूप में गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट, 1935 के एक बड़े भाग को पुनः उत्पादित कर दिया गया है
— डॉ. बी.आर. अम्बेडकर

✷ सही सुमेलित है—

सूची-I		सूची—II
दि रेग्युलेटिंग एक्ट, 1773	-	सुप्रीम कोर्ट की स्थापना
भारतीय परिषद अधिनियम, 1909	-	सांप्रदायिक निर्वाचन मंडल का प्रारंभ
भारतीय सरकार अधिनियम, 1919	-	द्वैध शासन का प्रारंभ
भारत सरकार अधिनियम, 1935	-	प्रदेशों की स्वायत्तता के लिए प्रावधान

आधुनिक इतिहास : विविध

✷ सही कथन हैं-
— रेग्युलेटिंग एक्ट, 1773 द्वारा कलकत्ता में उच्चतम न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) स्थापित किया गया।; भारतीय दंड संहिता वर्ष 1860 में लागू हुई।

✷ 19वीं शताब्दी में देश जिसका भारत की ओर विस्तार का डर एंग्लो-अफगान संबंधों का आधार था **— रूस**

✷ सही सुमेलित है–

सूची I (वर्ष)		सूची II (घटना)
1775	-	प्रथम आंग्ल-मराठा युद्ध
1780	-	द्वितीय आंग्ल-मैसूर युद्ध
1824	-	प्रथम आंग्ल-बर्मा युद्ध
1838	-	प्रथम आंग्ल-अफगान युद्ध

✷ सही सुमेलित है–

पुनः जजिया लगाना	-	फर्रुखसियर
मसूलीपट्टम पर अधिकार	-	फोर्ड
सती प्रथा निषेध अधिनियम	-	लॉर्ड विलियम बेंटिक
दासता का अंत	-	लॉर्ड एलनबरो

✷ भारत के संदर्भ में शासन में पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण प्रायः संबंधित माना जाता है **— थॉमस मुनरो**

✷ भारत में उन्नीसवीं शताब्दी में पड़े अकाल को 'प्रकोप का समुद्र' (सी ऑफ कैलेमिटी) कहा गया है **— उड़ीसा अकाल, 1866-67 को**

✷ भारतीय दुर्भिक्ष संहिता, 1883 का निर्माण किया था– स्ट्रेची आयोग ने

✷ सही सुमेलित है–

1767-69 ई.	–	प्रथम आंग्ल-मैसूर युद्ध
1790-92 ई.	–	तृतीय मैसूर युद्ध
1824-26 ई.	–	प्रथम आंग्ल-बर्मा युद्ध
1845-46 ई.	–	प्रथम आंग्ल-सिक्ख युद्ध

✷ सही कालानुक्रम है
— ड्रैमेटिक परफार्मेंस-वर्नाक्युलर प्रेस एक्ट-बंगाल टेनेंसी एक्ट-नार्थ-वेस्टर्न प्रोविंसेज एंड अवध एक्ट

✷ सही सुमेलन हैं–

बाल विवाह	–	एम.जी. रानाडे
ठगी प्रथा का अंत	–	कर्नल स्लीमैन
विधवा पुनर्विवाह	–	ईश्वरचंद विद्यासागर
पिंडारियों का दमन	–	लॉर्ड हेस्टिंग्स

✷ सही कथन है-
— कुंवर सिंह ने अंग्रेजों के विरुद्ध बिहार में संघर्ष का नेतृत्व किया जबकि 1857 के प्रथम चेतना संग्राम में खान बहादुर खान ने रूहेलखंड में नेतृत्व किया; मुस्लिम लीग ने 22 दिसंबर, 1939 को मुक्ति दिवस मनाया था; तात्या टोपे ने नाना साहब की सहायता हेतु कानपुर में फौजों का नेतृत्व संभाला था एवं जीनत महल ने फैजाबाद में इसकी कमान संभाली।

✷ THE MARVEL OF THE CENTURY
THE WONDER OF THE WORLD
LIVING PHOTOGRAPHIC PICTURES
IN
LIFE-SIZED REPRODUCTIONS
CINEMATOGRAPHIE
A FEW EXHIBITIONS WILL BE GIVEN
AT
WATSON'S HOTEL
TONIGHT
उपर्युक्त विज्ञापन 'टाइम्स ऑफ इंडिया' में छपा था
— 7 जुलाई, 1896

✷ ''ब्रिटिश सरकार भारत के विभाजन के लिए उत्तरदायी नहीं है।'' कथन का श्रेय दिया जाता है **— लॉर्ड एटली को**

✷ ''राजनैतिक स्वतंत्रता राष्ट्र का जीवन श्वास है'' कहा था **— अरविंद घोष ने**

✷ 'New Lamps for Old' लेख-शृंखला (1893-94) में 'सर्वहारा-वर्ग' के साथ संपर्क से बाहर होने के लिए कांग्रेस की आलोचना की गई थी। इन लेखों के लेखक थे **— अरविंद घोष**

✷ दो नेताओं ने भारत में दौरा कर सामाजिक उत्थान का कार्य किया **— गांधी, तिलक**

✷ पहले अध्यक्ष ने औपचारिक 'विग' त्यागकर गांधी टोपी पहनकर सदन की अध्यक्षता की **— जी.वी. मावलंकर ने**

✷ भारतीय संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की मृत्यु हुई थी **— 6 दिसंबर, 1956 ई.**

✷ 2016 में डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्य तिथि थी **— 61वीं**

✷ प्रसिद्ध भारतीय 'गुरुदेव' के नाम से जाने जाते थे**— रवींद्रनाथ टैगोर**

✷ रवींद्रनाथ टैगोर की मृत्यु हुई थी **— 1941**

✷ रवींद्रनाथ टैगोर को 'महान प्रहरी' कहा था **— महात्मा गांधी ने**

✷ रवींद्रनाथ टैगोर के विषय में सत्य है
— उन्होंने प्राचीन भारत और उसकी संस्कृति का गौरवगान किया। उन्होंने शिवाजी और गुरु गोविन्द सिंह को राष्ट्र निर्माता के रूप में देखा।
उनके अनेक गीतों में मराठों के बहादुरी का खंडन है।

✷ 'जय जवान, जय किसान' का नारा दिया **— लाल बहादुर शास्त्री ने**

✷ ''आजादी हमारी पहुंच के अंतर्गत है, हमें इसे कस कर पकड़ना चाहिए'' कहा था **— महात्मा गांधी ने**

✷ ''भारत की मुक्ति महात्मा गांधी के नेतृत्व में नहीं होगी'' यह लिखा था **— सुभाष चंद्र बोस ने**

✷ ''प्रत्येक वस्तु प्रतीक्षा कर सकती है, परंतु कृषि नहीं।'' कथन का श्रेय दिया जाता है — **जवाहरलाल नेहरू को**

✷ बंबई में पहली भारतीय कपड़ा मिल की स्थापना हुई थी — **1854 में**

✷ ''राजा जनता के लिए बने हैं; जनता राजा के लिए नहीं बनी है'', राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान यह वक्तव्य दिया था — **दादाभाई नौरोजी ने**

✷ भारत में ब्वॉय स्काउट (बालचर) और सिविल गाइड आंदोलन का जन्मदाता था — **बेडेन पॉवेल**

✷ भारत के स्वतंत्रता से संबंधित कथन सही है- — **रौलट एक्ट से सार्वजनिक रोष की एक लहर उमड़ी जिसके फलस्वरूप जलियांवाला बाग जनसंहार हुआ; सुभाष चंद्र बोस ने फारवर्ड ब्लॉक गठित किया था; भगत सिंह हिंदुस्तान रिपब्लिकन सोशलिस्ट एसोसिएशन के संस्थापकों में से एक थे।**

✷ ''मैं एक समाजवादी और गणतंत्रवादी हूं और मुझे राजाओं और राजकुमारों में विश्वास नहीं है।'' यह वक्तव्य संबंधित है — **जवाहरलाल नेहरू से**

✷ भारत में साम्यवाद का उच्चतम पुजारी कहा गया है — **जवाहरलाल नेहरू को**

✷ जवाहरलाल नेहरू का जीवनीकार है — **फ्रैंक मोरेस**

✷ राजनीतिक विरोध प्रदर्शन के बॉयकाट, घेराव, बंध तथा हड़ताल चार रूपों में से उस व्यक्ति के नाम पर आधारित है जिसने सर्वप्रथम इसका उपयोग राजनीतिक हथियार के रूप में किया — **बॉयकाट**

✷ सही कथन हैं- — **आर्य समाज की स्थापना 1875 में हुई थी।; 'अल हिलाल' को मौलाना अबुल कलाम आजाद ने प्रकाशित किया था।; कलकत्ता के प्रसिद्ध प्रेसीडेंसी कॉलेज (पूर्व हिंदू कॉलेज) की स्थापना राजा राममोहन राय ने की थी।**

✷ चंपारन आंदोलन, असहयोग आंदोलन, भारत छोड़ो आंदोलन तथा दांडी मार्च घटनाओं में से कालक्रम के अनुसार तीसरे स्थान पर आती है — **दांडी मार्च**

✷ भारतीय राजनीति में 1947 के बाद महिला ने सर्वाधिक योगदान दिया — **अरुणा आसफ अली**

✷ ''हम बहुत बड़ी भूल करेंगे यदि हम बिहार की जनता और उनके मंत्रिमंडल को लीग के नेताओं के हिंसक व असभ्य आक्रमणों के आगे आरक्षित छोड़ देंगे।'' वर्ष 1946 में यह बात की — **सरदार पटेल ने**

✷ 1921 में पहली बार 'पूर्ण स्वतंत्रता' की मांग को उठाया — **मौलाना हसरत मोहानी**

✷ भारत विभाजन के लिए मोहम्मद अली जिन्ना को सर्वाधिक उत्तरदायी ठहराया है — **लॉर्ड माउंटबेटन ने**

✷ 31 दिसंबर, 1928 को दिल्ली में हुए सर्वदलीय मुस्लिम सम्मेलन की अध्यक्षता की थी — **आगा खां**

✷ अगस्त, 1923 के बनारस हिंदू महासभा के अधिवेशन की अध्यक्षता की — **पंडित मदन मोहन मालवीय ने**

✷ भारत की कम्युनिस्ट पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के क्रमशः सबसे करीबी वर्ष हैं — **1925, 1925**

✷ 'फ्रंटियर गांधी' का असली नाम है — **अब्दुल गफ्फार खान**

✷ अंग्रेजों के विरुद्ध खान अब्दुल गफ्फार खान द्वारा प्रारंभ किए गए आंदोलन का नाम था — **लाल कुर्ती (रेड शर्ट)**

✷ डॉ. बी.आर. अम्बेडकर पर यह कहकर आक्रमण किया ''अम्बेडकर को उदार ब्रिटिश सरकार द्वारा थोपा गया नेतृत्व प्राप्त हुआ था क्योंकि उनकी सेवाएं राष्ट्रवादी नेताओं को बाधा पहुंचाने के लिए आवश्यक थीं'' — **डॉ.बी.एस. मुंजे**

✷ त्रिपुरा की देशी रियासत स्वतंत्रता आंदोलन में बीसवीं सदी के प्रारंभ में शामिल हुई क्योंकि — **बंगाल के क्रांतिकारी त्रिपुरा में आश्रय लिए हुए थे**

✷ राजेंद्र प्रसाद रहने वाले थे — **बिहार के**

✷ महान कवि रबींद्रनाथ टैगोर एक महान चित्रकार के रूप में उभरे जब उनकी आयु थी लगभग — **सत्तर वर्ष**

✷ जगत नारायण लाल को जेल में भेजा गया — **हजारीबाग जेल**

✷ कस्तूरबा एवं महादेव देसाई की समाधियां स्थित हैं — **आगा खां पैलेस, पूना में**

✷ कांग्रेस के आधिकारिक इतिहास के रचयिता थे — **पट्टाभि सीतारमैया**

✷ भारत में उपनिवेश काल में ह्विटली आयोग का उद्देश्य था — **श्रमिकों की मौजूदा परिस्थितियों पर प्रतिवेदन कर सिफारिशें प्रस्तुत करना**

✷ कैथरीन मेयो, ऐल्डस हक्सले, चार्ल्स एंड्रूज और विलियम डिग्बी के बीच आम रिश्ता था — **उन्होंने ब्रिटिश शासन के दौरान भारत की हालत पर टिप्पणियां लिखीं**

✷ बंगाल दुर्भिक्ष का वर्ष, जिसमें लाखों लोग दिवंगत हुए थे, है — 1943

✷ विश्व में शांति और आपसी सहयोग स्थापित करने के लिए नेहरूजी ने सिद्धांत प्रस्तुत किया — **गुटनिरपेक्षता (Non-alignment)**

✷ 15 अगस्त, 1947 के बाद भारत का भाग पुर्तगाल के अधीन बना रहा — **गोवा**

✷ भारत में 15 अगस्त, 1947 के पश्चात भी औपनिवेशिक शक्ति के विरुद्ध स्वाधीनता संघर्ष जारी रखना पड़ा — **पुर्तगीज**

✷ वे समाजवाद से प्रभावित थे; वे ब्रिटिश उदारवाद से प्रभावित थे; वे महात्मा गांधी से प्रभावित थे तथा वे जर्मन राष्ट्रवाद से प्रभावित थे में से जवाहरलाल नेहरू के लिए सत्य नहीं है

— वे जर्मन राष्ट्रवाद से प्रभावित थे

✷ स्वतंत्रता पूर्व बिहार में भूमिहार, राजपूत, कायस्थ तथा कुर्मी में से एक वर्चस्वशाली जाति (Dominant Caste) नहीं थी **— कुर्मी**

✷ सही कथन है-

— भारतीय नौसेना का विद्रोह, 1946 तब हुआ जब मुंबई और कराची से रायल इंडियन नेवी के भारतीय नौसैनिक सरकार के विरुद्ध उठ खड़े हुए।

✷ सही कथन हैं-

– ईश्वरचंद्र विद्यासागर ने महिलाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के प्रमुख उद्देश्य से कलकत्ता में बेथुन स्कूल स्थापित किया।; बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय कलकत्ता विश्वविद्यालय के प्रथम स्नातक थे।

✷ ब्रिटिश हाउस ऑफ कॉमन्स का चुनाव जिस प्रथम भारतीय ने लड़ा था, वह थे **— डब्ल्यू.सी. बनर्जी**

✷ ब्रिटिश संसद के सदस्य के रूप में चुने जाने वाले प्रथम भारतीय थे **— दादाभाई नौरोजी**

✷ भारत में अप्रत्यक्ष निर्वाचन की प्रथा आरंभ की गई थी **— 1892 में**

✷ देवबंद के उस विद्वान का नाम जिन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई **— अबुल कलाम आजाद**

✷ डॉ. बी.आर. अम्बेडकर के संबंध में सही है-

— उन्होंने सिद्धार्थ कॉलेज की स्थापना की।; 1920 में उन्होंने अपनी पत्रिका मूक नायक शुरू की।; 1922 में उन्होंने डिप्रेस्ड क्लास इंस्टीट्यूट की स्थापना की।

✷ घटनाओं का सही कालानुक्रम है-

— जलियांवाला बाग हत्याकांड पर कांग्रेस समिति द्वारा सर्वसम्मति रिपोर्ट की प्रस्तुति-तुर्की को अर्पित शांति शर्तों की घोषणा-बाल गंगाधर तिलक का निधन-कलकत्ता का भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का विशेष अधिवेशन

✷ स्वाधीन भारत की प्रथम औद्योगिक नीति, जिस वर्ष घोषित की गई, वह था **— 1948**

✷ केरल में प्रथम साम्यवादी राज्य सरकार का गठन किया गया था **— 1957 में**

✷ सत्य, अहिंसा, अस्पृश्यता तथा भारी औद्योगीकरण में से किसके पक्षधर नेहरू थे, किंतु गांधीजी नहीं थे **— भारी औद्योगीकरण**

✷ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन में महात्मा गांधी ने कहा था, ''गांधी मर सकते हैं, परंतु गांधीवाद सदैव बना रहेगा''

— कराची अधिवेशन, 1931

✷ सही सुमेलित है (गांधीजी के संबंध में)-

गांधीजी को यरवदा जेल ले जाया गया	-	सविनय अवज्ञा आंदोलन
गांधीजी ने आमरण अनशन किया	-	सांप्रदायिक अवॉर्ड के विरुद्ध
कराची जाते समय काले झंडे दिखाए गए	-	दिल्ली समझौते का अनुमोदन किया
उन्होंने कहा कि यह पराजय मेरी उनसे अधिक है	-	1939 का कांग्रेस संकट

✷ सही कालक्रम है-

— असहयोग आंदोलन-साइमन कमीशन-नेहरू रिपोर्ट-भारत छोड़ो आंदोलन

✷ सही कालानुक्रम है-

— साइमन कमीशन-दांडी यात्रा-गांधी-इरविन समझौता-पूना समझौता

✷ घटनाओं का सही कालानुक्रम है-

— जिन्ना द्वारा शिमला कॉन्फ्रेंस को विध्वंस करना-कैबिनेट मिशन का पहुंचना-मुस्लिम लीग द्वारा सीधी कार्यवाही प्रारंभ करना-अंतरिम सरकार का गठन।

✷ सही क्रम है-

— सूरत विभाजन-साइमन कमीशन-सविनय अवज्ञा आंदोलन-खुदाई खिदमतगार

✷ सही सुमेलित है–

आजाद मुस्लिम कॉन्फ्रेंस	-	अल्लाह बक्श
खाकसार पार्टी	-	अल्लामा मशरिकी
खुदाई खिदमतगार	-	अब्दुल गफ्फार खां
कृषक प्रजा पार्टी	-	फजलुल हक

✷ सही सुमेलित है–

बारदोली सत्याग्रह	-	सरदार वल्लभभाई पटेल
चंपारन सत्याग्रह	-	गांधीजी
कूका आंदोलन	-	राम सिंह
लाल कुर्ती	-	गफ्फार खां

✷ सही सुमेलित है–

अवध किसान सभा	–	जवाहरलाल नेहरू
